# डेली करेंट क्विज़

## (संग्रह)



## जनवरी भाग-2 2021

दृष्टि, 641, प्रथम तल, डॉ. मुखर्जी नगर, दिल्ली-110009
फोन: 8750187501
ई-मेल: online@groupdrishti.com

## प्रश्न भाग-2

1. भारत के कुल अनाज निर्यात में चावल और गेहूँ के निर्यात की संयुक्त हिस्सेदारी लगभग 95% है।
2. नेपाल वर्ष 2019-20 में गेहूँ और गैर-बासमती चावल के प्रमुख निर्यातकों में से एक था।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

2. हेनले पासपोर्ट इंडेक्स, 2021 के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इस इंडेक्स में किसी पासपोर्ट को इस आधार पर रैंकिंग प्रदान की जाती है कि पासपोर्ट धारक बिना पूर्व वीजा के कितने देशों की यात्रा कर सकता है।
2. सिंगापुर और दक्षिण कोरिया क्रमशः सर्वश्रेष्ठ और सबसे खराब प्रदर्शन करने वाले थे।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही **नहीं** हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

3. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. विश्व की सबसे पुरानी गुफा कला की खोज लीआंग टेडॉन्गे गुफा से की गई है।
2. लीआंग टेडॉन्गे गुफा इंडोनेशिया के सुलावेसी द्वीप पर स्थित है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 न ही 2

4. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. जैविक अपशिष्ट द्वारा जल प्रदूषण को 'जैव रासायनिक ऑक्सीजन मांग' के संदर्भ में मापा जाता है।
2. अमोनिया जल में ऑक्सीजन की मात्रा को कम कर देता है क्योंकि यह नाइट्रोजन के ऑक्सीकृत रूप में बदल जाता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

5. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. अब तक किसी भी अमेरिकी राष्ट्रपति को महाभियोग के माध्यम से पद से नहीं हटाया गया है।
2. भारत के राष्ट्रपति पर महाभियोग की प्रक्रिया संसद के किसी भी सदन द्वारा शुरू की जा सकती है।

नोट :

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

6. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. ओमान केवल संयुक्त अरब अमीरात, यमन और सऊदी अरब के साथ ही अपनी स्थलीय सीमा साझा करता है।

2. 'अल नजाह' भारत और ओमान के मध्य होने वाला सैन्य अभ्यास है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही **नहीं** है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

7. तिरुवल्लुवर के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. प्राचीन तमिल काव्य थिरुक्कुरल की रचना तिरुवल्लुवर द्वारा की गई थी।

2. चेन्नई स्थित वल्लुअर कोट्टम मंदिर को तिरुवल्लुवर की स्मृति में बनाया गया था।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही **नहीं** है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

8. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. नागी-नकटी पक्षी अभयारण्य विहार में अवस्थित है।

2. हाल ही में 'नागी-नकटी पक्षी अभयारण्य' में 'कलरव' नामक पक्षी उत्सव का आयोजन किया गया था।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

9. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. प्रधानमंत्री जी-वन योजना का उद्देश्य 2G इथेनॉल में अनुसंधान और विकास को बढ़ावा देना है।

2. भारत में गैस के साथ इथेनॉल के सम्मिश्रण का वर्तमान स्वीकृत स्तर 20% है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

नोट :

10. निम्नलिखित में से कौन-सी रिपोर्ट 'संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम' द्वारा प्रकाशित की जाती है?

1. उत्सर्जन गैप रिपोर्ट
2. वैश्विक पर्यावरण आउटलुक
3. इन्वेस्ट इनटू हेल्थी प्लेनेट रिपोर्ट

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

A. केवल 1 और 3
B. केवल 2 और 3
C. केवल 1 और 2
D. 1, 2 और 3

11. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजये:

1. माइटोकॉन्ड्रियल DNA छोटा गोलाकार गुणसूत्र है।
2. माइटोकॉन्ड्रिया 'एडिनोसिन ट्राइ फॉस्फेट' (ATP) के रूप में कोशिकीय ऊर्जा का उत्पादन करते हैं।
3. माइटोकॉन्ड्रियल DNA माता से विरासत में मिलता है, जबकि नाभिकीय DNA माता-पिता दोनों से विरासत में मिलता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-से सही हैं?

A. केवल 1 और 3
B. केवल 2 और 3
C. केवल 1 और 2
D. 1, 2 और 3

12. इकोनॉमिक रिकवरी के विभिन्न आकारों के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा सही नहीं है?

A. Z आकार की रिकवरी में आर्थिक व्यवधान एक छोटी अवधि के लिये होता है इसमें अर्थव्यवस्था में गिरावट के बाद तेज़ी से वृद्धि होती है।
B. V आकार की रिकवरी में आय एवं रोज़गार स्थायी रूप से समाप्त हो जाते हैं और आर्थिक विकास धीरे-धीरे बहाल होता है।
C. U आकार की रिकवरी में अर्थव्यवस्था गिरने, संघर्ष करने और कुछ अवधि के लिए कम विकास दर के बाद धीरे-धीरे सामान्य स्तर तक वृद्धि करती है।
D. K आकार की रिकवरी में मंदी के बाद अर्थव्यवस्था के विभिन्न हिस्सों में अलग-अलग दर, समय या परिमाण में 'रिकवरी' होती है।

13. सेमरू ज्वालामुखी के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह सुंडा प्लेट के नीचे स्थित इंडो-ऑस्ट्रेलियाई प्लेट के उप-भाग के रूप में निर्मित द्वीपीय चाप का हिस्सा है।
2. पैसिफिक रिंग ऑफ फायर क्षेत्र में स्थित होने के कारण यहाँ भूकंपीय उथल-पुथल का खतरा बना रहता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

14. पश्चिमी विक्षोभ के संबंध में निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा सही नहीं है?

A. यह एक बहिरूष्ण उष्णकटिबंधीय तूफान है जिसकी उत्पत्ति भूमध्यसागरीय क्षेत्र में होती है ।
B. इसका संबंध उत्तरी भारत में वर्षा, बर्फबारी और कोहरे से है।
C. यह उपमहाद्वीप के उत्तरी भागों में खरीफ की फसल के विकास हेतु महत्त्वपूर्ण है।
D. ये हाई अल्टीट्यूड पर पूर्व की ओर चलने वाली पश्चिमी जेट धाराओं के साथ यात्रा करते हैं।।

**नोट :**

15. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. दो देशों के बीच ओपन स्काई संधि एयरलाइंसों को अंतर्राष्ट्रीय यात्रियों और कार्गो सेवाओं की पेशकश करने का अधिकार प्रदान करती है।
2. ओपन स्काई संधि एक सदस्य राष्ट्र को मेज़बान राष्ट्र के किसी भी हिस्से पर निगरानी करने की अनुमति देती है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

16. 'दुर्लभ रोगों' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. 80 प्रतिशत दुर्लभ बीमारियाँ आनुवंशिक होती हैं और इसलिये ये मुख्यत: बच्चों को प्रभावित करती हैं।
2. लाइसोसोमल स्टोरेज डिसऑर्डर एक मेटाबॉलिक रोग है, जो कि एंज़ाइम के अत्यधिक स्रावित (रिलीज़) होने के कारण होता है।
3. ड्यूशेन मस्कुलर डिस्ट्रॉफी, शरीर में प्रोटीन के बदलने अथवा परिवर्तन होने के कारण होने वाला एक दुर्लभ अनुवांशिक रोग है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2 और 3
C. केवल 1 और 3
D. 1, 2 और 3

17. 'इंडियन स्टार टोर्टोइज़' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह केवल भारत में ही पाया जाता है।
2. यह वन्य जीवन संरक्षण अधिनियम-1972 की अनुसूची-1 के तहत संरक्षित है।
3. इसे IUCN की रेड लिस्ट में सुभेद्य रूप में सूचीबद्ध किया गया है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही **नहीं** है/हैं?

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2
C. केवल 2 और 3
D. केवल 3

18. बैड बैंक के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. ये ऐसे बैंकिंग संस्थान हैं जो बैलेंस शीट की समस्याओं का सामना कर रहे हैं।
2. ये बैंक ऋण देने और जमा स्वीकार करने से प्रतिबंधित हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

19. 'केंद्रीय सतर्कता आयोग' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये।

1. केंद्रीय सतर्कता आयोग की स्थापना के. संथानम समिति की सिफारिशों के आधार पर की गई थी।
2. केंद्रीय सतर्कता आयोग केंद्रीय गृह मंत्रालय के अधीन एक अन्वेषण एजेंसी है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

20. भारतीय रेल वित्त निगम (IRFC) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह भारतीय रेलवे की एक समर्पित बाज़ार उधार शाखा है।
2. यह रेलवे की अवसंरचनात्मक संपत्ति को लीज़ पर दे सकती है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

21. बांदीपुर टाइगर रिज़र्व के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह कर्नाटक, तमिलनाडु और आंध्रप्रदेश राज्यों के त्रि-जंक्शन क्षेत्र में स्थित है।
2. यह उत्तर में कबिनी नदी और दक्षिण में तुंगभद्रा के मध्य स्थित है।
3. बांदीपुर टाइगर रिज़र्व विश्व में एशियाई हाथियों की आबादी का एक मात्र सबसे बड़ा आश्रय स्थल है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1 और 2

B. केवल 2

C. केवल 3

D. केवल 2 और 3

22. शैडो उद्यमी के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. ये ऐसे उद्यमी हैं जो वैध वस्तुओं और सेवाओं की बिक्री करते हैं परंतु अपने व्यवसायों को सरकार के साथ पंजीकृत नहीं कराते हैं।
2. बिना लाइसेंस वाली टैक्सी सेवा और ई-फार्मेसी शैडो उद्यमिता के उदाहरण हैं।
3. भारत और इंडोनेशिया में शैडो उद्यमियों की संख्या सबसे अधिक है।

उपर्युक्त कथनों में कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1 और 2

B. केवल 2

C. केवल 2 और 3

D. 1, 2 और 3

23. निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिये:

| | सैन्य अभ्यास | शामिल देश |
|---|---|---|
| 1. | डेज़र्ट नाइट-21 | भारत और फ्राँस |
| 2. | वरुण | भारत और रूस |
| 3. | मित्र शक्ति | भारत और श्रीलंका |

नोट :

उपर्युक्त युग्मों में से कौन-सा/से सही सुमेलित है/हैं?

(a) केवल 1

(b) केवल 1 और 3

(c) केवल 2 और 3

(d) 1, 2 और 3

24. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. कार्बन पृथक्करण पौधों, मिट्टी, भूगर्भिक संरचनाओं और महासागर में कार्बन का अस्थायी भंडारण है।
2. समुद्र में लोहे की डंपिंग $CO_2$ के अवशोषण में सहायक है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2

D. न तो 1 और न ही 2

25. गुरु गोविंद सिंह के विषय में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. उन्होंने खालसा पंथ की स्थापना की
2. उन्होंने मुगलों के विरुद्ध मुक्तसर का युद्ध किया था।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

26. निम्नलिखित में कौन-सी भारत की बैलिस्टिक मिसाइल नहीं है?

1. शौर्य
2. ब्रह्मोस
3. पृथ्वी
4. नाग

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

A. केवल 1 और 2

B. केवल 2 और 4

C. केवल 4

D. 1, 2 और 3

27. 'ई-कचरा (प्रबंधन) नियम, 2016' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इसके तहत उत्पादकों को ई-कचरे के संग्रहण तथा आदान-प्रदान के लिये उत्तरदायी बनाया गया है।
2. इलेक्ट्रिकल और इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के पुनर्चक्रण को बढ़ावा देने के लिये डिपॉज़िट रिफंड स्कीम शुरू की गई है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

नोट :

28. सरकारी ऋण के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. भारतीय संविधान की सातवीं अनुसूची केंद्र और राज्य दोनों को विदेशी ऋण लेने की शक्तियाँ प्रदान करती है।
2. राज्य सरकारों को नए ऋण लेने के लिये केंद्र की सहमति लेनी होगी।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

29. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. संविधान का अनुच्छेद 110 धन विधेयक से संबंधित है।
2. धन विधेयक को लोकसभा तथा राज्यसभा दोनों में पेश किया जा सकता है।
3. राज्यसभा धन विधेयक में संशोधन कर सकती है अथवा इसे अस्वीकार कर सकती है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1 और 2
B. केवल 1
C. केवल 1 और 3
D. केवल 2 और 3

30. भारत नवाचार सूचकांक के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. भारत नवाचार सूचकांक रिपोर्ट नीति आयोग द्वारा जारी की जाती है।
2. इस सूचकांक को वैश्विक नवाचार सूचकांक की तर्ज पर विकसित किया गया है।
3. इंटरनेट उपयोगकर्त्ताओं की संख्या इस सूचकांक के मापदंडों में से एक है

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

A. केवल 1 और 3
B. केवल 2 और 3
C. केवल 1 और 2
D. 1, 2 और 3

31. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. राष्ट्रपति, सरकार से स्वतंत्र होकर क्षमादान की अपनी शक्ति का प्रयोग नहीं कर सकते।
2. राष्ट्रपति की क्षमादान की शक्ति का दायरा राज्यपाल की तुलना में व्यापक है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

32. एस्ट्रोसैट के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह भारत का पहला समर्पित खगोल विज्ञान मिशन है।
2. यह उपग्रह एक ही समय में विभिन्न खगोलीय वस्तुओं का बहु-तरंग दैर्ध्य अवलोकन करने में सक्षम है।

नोट :

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 न ही 2

33. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. एंजियोजिनेसिस एक शारीरिक प्रक्रिया है जिसमे पहले से मौजूद वाहिकाओं में नई रक्त वाहिकाओं का निर्माण होता है।
2. एंजियोजेनेसिस अवरोधक कैंसर के विरुद्ध प्रयोग होने वाले अद्वितीय एजेंट हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

34. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. चिनाब नदी की उत्पत्ति चंद्र और भागा नदियों के संगम से होती है।
2. भागा नदी का उद्गम हिमाचल प्रदेश में बारालाचा-ला दर्रे के पास अवस्थित सूर्या ताल झील से होता है।
3. रतले जलविद्युत परियोजना का निर्माण भागा नदी पर किया जाना प्रस्तावित है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1 और 2

B. केवल 2

C. केवल 2 और 3

D. 1, 2 और 3

35. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. संसद सत्र आहूत करने का प्रावधान संविधान के अनुच्छेद-85 में निर्दिष्ट है।।
2. संविधान के अनुसार एक वर्ष में तीन संसद सत्र अनिवार्य हैं।

उपर्युक्त कथनों में कौन-सा/से सही है/हैं??

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

36. स्मार्ट एंटी एयरफील्ड वेपन (SAAW) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इसे रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (DRDO) द्वारा स्वदेशी रूप से विकसित किया गया है।
2. इसे जमीनी ठिकानों पर हमला करने के उद्देश्य से डिज़ाइन किया गया है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

नोट :

37. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. अभ्यास कवच भारतीय वायु सेना और रॉयल ऑस्ट्रेलियाई वायु सेना का एक द्विपक्षीय सैन्य अभ्यास है।
2. अंडमान और निकोबार कमांड (ANC) भारत का पहला इंटीग्रेटेड थिएटर कमांड है।
3. अभ्यास सी-विजिल और ट्रॉपेक्स द्विवार्षिक तटीय सुरक्षा अभ्यास हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही **नहीं** है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2 और 3
C. केवल 3
D. केवल 1 और 3

38. श्री नारायण गुरु के विषय में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. वे अद्वैत वेदांत के प्रस्तावक और पुनर्मूल्यांकनकर्ता थे।
2. उन्होंने वायकोम आंदोलन के लिये प्रेरणा प्रदान की जिसका उद्देश्य मंदिरों में प्रवेश करना था।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

39. नेशनल सेंटर फॉर पोलर एंड ओशन रिसर्च (NCPOR) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इसकी स्थापना पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के एक स्वायत्त अनुसंधान और विकास संस्थान के रूप में की गई थी।
2. इसे आर्कटिक में घरेलू वैज्ञानिक अनुसंधान क्षमताओं को बढ़ावा देने हेतु विभिन्न वैज्ञानिक निकायों के बीच समन्वय के लिये एक नोडल निकाय के रूप में नामित किया गया है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 औरे 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

40. सुभाष चंद्र बोस के विषय में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. उन्होंने भारत के लिये डोमिनियन दर्जे के मुद्दे पर मोतीलाल नेहरू रिपोर्ट का विरोध किया।
2. उन्होंने सविनय अवज्ञा आंदोलन को स्थगित करने का विरोध किया।
3. उन्होंने वर्ष 1938 में हरिपुरा में कॉन्ग्रेस के अध्यक्ष का चुनाव जीता।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-से सही हैं?

A. केवल 1 और 3
B. केवल 2 और 3
C. केवल 1 और 2
D. 1, 2 और 3

41. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. रिसा त्रिपुरा के आदिवासी समुदायों द्वारा पहना जाने वाला हाथ से बना कपड़ा है।
2. गरिया पूजा त्रिपुरा में नृजातीय जनजातियों द्वारा फसल महोत्सव के रूप में मनाया जाता है।

उपर्युक्त कथनों में कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

42. राष्ट्रपति की वीटो पॉवर के संबंध में निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा सही नहीं है?

A. राष्ट्रपति के पास अनुच्छेद-111 के तहत किसी विधेयक पर अपनी सहमति देने या हस्ताक्षर करने या रोक देने की शक्ति है।

B. राष्ट्रपति धन विधेयक के संबंध में अपने निलंबनकारी वीटो का प्रयोग नहीं कर सकता है।

C. राष्ट्रपति संवैधानिक संशोधन विधेयक के संबंध में किसी वीटो शक्ति का प्रयोग नहीं कर सकता है।

D. आत्यंतिक वीटो का प्रयोग करके विधेयक को अनिश्चित काल के लिये राष्ट्रपति द्वारा लंबित रखा जाता है।

43. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. किसी LLP में एक भागीदार, दूसरे भागीदार के कदाचार या लापरवाही के लिये ज़िम्म्मेदार होता है।
2. प्रत्येक भागीदार अन्य सभी भागीदारों के साथ संयुक्त रूप से "पारंपरिक भागीदारी फर्म" के तहत उत्तरदायी नहीं होता है, जब तक कि वह उसमें एक भागीदार है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

44. ग्रीन बॉण्ड के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. ग्रीन बॉण्ड ऋण प्राप्ति का एक साधन है जिसके माध्यम से 'हरित परियोजनाओं' के लिये धन जुटाया जाता है।
2. ग्रीन बॉण्ड सनराइज़ सेक्टर में वित्तपोषण को बढ़ाने में महत्त्वपूर्ण रहे हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

45. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. श्रमशक्ति पोर्टल का उद्देश्य जनजातीय प्रवासी श्रमिकों से संबंधित डेटा एकत्र करना और उन्हें मौजूदा कल्याणकारी योजनाओं से जोड़ना है।
2. प्रधानमंत्री वन धन योजना का उद्देश्य स्वयं सहायता समूहों को जनजातीय उत्पादक कंपनियों के रूप में सशक्त करना है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

46. व्यापार और विकास पर संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन (UNCTAD) द्वारा निम्नलिखित में से कौन-सी रिपोर्ट जारी की जाती हैं?

1. निवेश रुझान मॉनिटर रिपोर्ट
2. वैश्विक वित्तीय स्थिरता रिपोर्ट
3. प्रौद्योगिकी एवं नवाचार रिपोर्ट
4. अल्प विकसित देश रिपोर्ट

नोट :

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

A. केवल 2 और 3
B. केवल 3 और 4
C. 1, 3 और 4
D. 1, 2, 3 और 4

47. हरित कर के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय आठ वर्ष से अधिक पुराने परिवहन वाहनों पर हरित कर लगाएगा।
2. सीएनजी-वाहन, ट्रैक्टर और हार्वेस्टर पर तुलनात्मक रूप से कम हरित कर आरोपित किया जाएगा।

उपरोक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

48. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. रेल भूमि विकास प्राधिकरण (RLDA) रेल मंत्रालय के अधीन एक सांविधिक निकाय है।
2. RLDA द्वारा ट्रांजिट-ओरिएंटेड डेवलपमेंट (TOD) अवधारणा के तहत नई दिल्ली रेलवे स्टेशन के पुनर्विकास को मंज़ूरी दी गई है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

49. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये

1. 'वर्ल्ड इकोनॉमिक आउटलुक' रिपोर्ट अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (IMF) द्वारा जारी की जाती है।
2. IMF की स्थापना द्वितीय विश्व युद्ध के पश्चात् युद्ध प्रभावित देशों के पुनर्निर्माण में सहायता के लिये की गई थी।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

50. पद्म पुरस्कारों के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. पद्म भूषण पद्म पुरस्कारों के पदानुक्रम में सर्वोच्च पुरस्कार है।
2. पद्म पुरस्कार समिति का गठन प्रति वर्ष प्रधानमंत्री द्वारा किया जाता है।

उपरोक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

नोट :

51. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
   1. बारहसिंगा विशेष रूप से कान्हा टाइगर रिज़र्व में पाया जाता है।
   2. बारहसिंगा मध्य प्रदेश का राज्य पशु है।
   3. बारहसिंगा को IUCN की लाल सूची में सुभेद्य श्रेणी में सूचीबद्ध किया गया है।

   उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

   A. केवल 1 और 2
   B. केवल 2
   C. केवल 3
   D. 1, 2 और 3

52. साइबर अपराधों के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
   1. स्पूफिंग हमलों को किसी के कंप्यूटर तक पहुँच या क्षति पहुँचाने और व्यक्तिगत जानकारी एकत्र करने के लिये डिज़ाइन किया गया है।
   2. इंटरनेशनल टेलीकम्युनिकेशन यूनियन (ITU) साइबर सुरक्षा मुद्दों से निपटने के लिये संयुक्त राष्ट्र की एक विशिष्ट एजेंसी है।
   3. भारत साइबर अपराध पर बुडापेस्ट अभिसमय का हस्ताक्षकर्त्ता नहीं है।

   उपर्युक्त कथनों में कौन-सा/से सही है/हैं?

   A. केवल 1
   B. केवल 2 और 3
   C. केवल 3
   D. केवल 1 और 3

53. 'गोविंद बल्लभ पंत' के संदर्भ में निम्नलिखित में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
   1. उन्होंने असहयोग आंदोलन के साथ-साथ 'नमक मार्च' में भी हिस्सा लिया।
   2. वे अल्पसंख्यकों के लिये एक अलग निर्वाचक मंडल के पूर्णत: विरुद्ध थे।

   उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

   A. केवल 1
   B. केवल 2
   C. 1 और 2 दोनों
   D. न तो 1 और न ही 2

54. अंतर्राष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी (IEA) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
   1. यह एक स्वायत्त संगठन है जिसे आर्थिक सहयोग और विकास संगठन (OECD) के फ्रेमवर्क के तहत स्थापित किया गया है।
   2. IEA द्वारा स्वच्छ ऊर्जा संक्रमण कार्यक्रम को नवंबर 2017 में लॉन्च किया गया था।

   उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

   A. केवल 1
   B. केवल 2
   C. 1 और 2 दोनों
   D. न तो 1 और न ही 2

55. भारत में न्यायाधीशों की नियुक्ति के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
   1. सर्वोच्च न्यायालय और उच्च न्यायालयों के न्यायाधीशों की नियुक्ति राष्ट्रीय न्यायिक नियुक्ति आयोग की सिफारिश के आधार पर की जाती है।
   2. उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश की नियुक्ति राष्ट्रपति द्वारा भारत के मुख्य न्यायाधीश और संबंधित राज्य के राज्यपाल के परामर्श के आधार पर की जाती है।

नोट :

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

56. इंडिया जस्टिस रिपोर्ट, 2020 के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इस रिपोर्ट में न्यायपालिका, पुलिस, जेल और कानूनी सहायता के आधार पर राज्यों की रैंकिंग की जाती है।
2. तमिलनाडु में महिला पुलिस अधिकारियों का प्रतिशत सबसे अधिक है।
3. सिक्किम में उच्च न्यायालयों के न्यायाधीशों में महिलाओं का प्रतिशत सबसे अधिक है जबकि बिहार के उच्च न्यायालय में कोई महिला न्यायाधीश नहीं है।

उपर्युक्त कथनों में कौन-से सही हैं?

A. केवल 1 और 2

B. केवल 2 और 3

C. केवल 1 और 3

D. 1, 2 और 3

57. भौगालिक संकेतक (GI) टैग के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. GI का विनियमन विश्व व्यापार संगठन (WTO) के बौद्धिक संपदा अधिकारों के व्यापार संबंधी पहलुओं (TRIPS) पर समझौते के तहत किया जाता है।
2. भौगोलिक संकेतक का पंजीकरण 10 वर्ष के लिये मान्य होता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

58. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. कला उत्सव संस्कृति मंत्रालय की एक पहल है।
2. कला उत्सव का उद्देश्य राष्ट्रीय, राज्य और ज़िला स्तर पर स्कूली छात्रों की प्रतिभा का प्रदर्शन करना है।
3. कला संस्कृति विकास योजना कला को बढ़ावा देने हेतु केंद्रीय संस्कृति मंत्रालय द्वारा शुरू की गई एक पहल है।

उपर्युक्त कथनों में कौन-सा/से सही नहीं है/हैं?

A. केवल 1 और 2

B. केवल 2 और 3

C. केवल 1

D. 1, 2 और 3

59. लाला लाजपत राय निम्नलिखित में से किस/किन संगठनों/आंदोलनों से जुड़े थे?

1. सर्वेंट्स ऑफ पीपुल सोसाइटी
2. हिंदू राहत आंदोलन
3. ऑल इंडिया ट्रेड यूनियन कांग्रेस
4. हिंदू महासभा

नोट :

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

A. केवल 1 और 2

B. केवल 2 और 4

C. केवल 4

D. 1, 2, 3 और 4

60. सॉवरेन गोल्ड बॉण्ड योजना के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इस योजना के अंतर्गत भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा केंद्र सरकार की ओर से बॉण्ड जारी किये जाते हैं।
2. स्वर्ण बॉण्ड केवल निवासी भारतीय संस्थाओं को ही बेचे जाते हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

## व्याख्या भाग-2

**1. उत्तर: ( B )**

**व्याख्या:**

- भारत विश्व में अनाज का सबसे बड़ा निर्यातक होने के साथ-साथ सबसे बड़े उत्पादक देशों में से एक है।
- महत्त्वपूर्ण अनाजों में गेहूँ, धान, सोरगम, बाजरा, जौ और मक्का शामिल हैं।
- इससे पहले वर्ष 2008 में भारत ने घरेलू ज़रूरतों को पूरा करने के लिये चावल और गेहूँ आदि के निर्यात पर प्रतिबंध लगाया था।
- भारत में अधिशेष उत्पादन और वैश्विक बाज़ार में भारी मांग को देखते हुए सरकार ने गेहूँ के सीमित निर्यात की अनुमति दी।
- भारत के कुल अनाज निर्यात में चावल (बासमती और गैर-बासमती सहित) वर्ष 2019-20 में प्रमुख हिस्सेदारी (95.7%) रखता है, जबकि भारत से निर्यात किये गए कुल अनाज में गेहूँ सहित अन्य अनाजों की वर्ष 2019-20 में केवल 4.3% की हिस्सेदारी थी। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- भारत से गेहूँ का अधिकांश निर्यात (2019-20) नेपाल, बांग्लादेश, UAE, सोमालिया को किया गया।
- भारत से गैर-बासमती चावल का अधिकांश निर्यात (2019-20) नेपाल, बेनिन, संयुक्त अरब अमीरात, सोमालिया को हुआ। **अतः कथन 2 सही है।**
- भारत से बासमती चावल का अधिकांश निर्यात (2019-20) ईरान, सऊदी अरब, इराक, संयुक्त अरब अमीरात को किया गया।

**2. उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- हाल ही में जारी हेनले पासपोर्ट सूचकांक (Henley Passport Index), 2021 में भारतीय पासपोर्ट को 85वाँ स्थान प्राप्त हुआ है।
- हेनले पासपोर्ट सूचकांक विश्व के सभी देशों के पासपोर्ट्स की रैंकिंग को दर्शाता है, इस सूची में किसी पासपोर्ट को इस आधार पर रैंकिंग प्रदान की जाती है कि पासपोर्ट धारक बिना पूर्व वीजा के कितने देशों की यात्रा कर सकता है। **अतः कथन 1 सही है।**
- इसे वर्ष 2006 में लॉन्च किया गया था और इसमें 199 पासपोर्ट शामिल हैं।
- शीर्ष रैंक धारक:
- जापान इस सूचकांक में अपना स्थान (1st) बनाए रखने में सफल रहा, जापानी पासपोर्ट धारक विश्व भर के 191 देशों में पूर्व वीज़ा के बिना भी यात्रा कर सकते हैं।
- निचली रैंक वाले देश:

नोट :

- सीरिया, इराक और अफगानिस्तान क्रमश: 29, 28 और 26 के स्कोर के साथ सबसे खराब पासपोर्ट वाले देश बने हुए हैं। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- भारत का प्रदर्शन:
- इस सूचकांक में भारत 58 के स्कोर के साथ 85वें स्थान पर रहा।
- भारतीय पासपोर्ट का प्रदर्शन इससे पहले वर्ष 2020 (84वें) और वर्ष 2019 (82वें) में बेहतर रहा था।

**3. उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- हाल ही में पुरातत्त्वविदों ने इंडोनेशिया में विश्व की सबसे पुरानी गुफा कला की खोज की है जिसमें एक जंगली सुअर को चित्रित किया गया है।
- यह चित्र इंडोनेशिया के सुलावेसी द्वीप पर एक सुदूर घाटी में लीआंग टेडॉन्गे (Leang Tedongnge) गुफा में पाया गया है। **अत: कथन 1 और 2 दोनों सही हैं।**

**4. उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- अमोनिया जल में ऑक्सीजन की मात्रा को कम कर देता है क्योंकि यह नाइट्रोजन के ऑक्सीकृत रूप में बदल जाता है। इसलिये यह जैव रासायनिक ऑक्सीजन मांग (BOD) भी बढ़ाता है। **अत: कथन 2 सही है।**
- जैव रासायनिक ऑक्सीजन मांग (BOD) बैक्टीरिया और अन्य सूक्ष्म जीवों द्वारा खपत की गई ऑक्सीजन की उस मात्रा का प्रतिनिधित्त्व करता है, जब वे एक निर्दिष्ट तापमान पर एरोबिक (ऑक्सीजन की उपस्थिति में) विभिन्न स्थितियों के तहत कार्बनिक पदार्थों का विघटन करते हैं।
- जैविक अपशिष्टों द्वारा जल प्रदूषण को BOD के संदर्भ में मापा जाता है। **अत: कथन 1 सही है।**
- यदि जल में अमोनिया की सांद्रता 1 PPM से ऊपर है, तो यह मछलियों के लिये विषाक्त होता है।
- मनुष्यों द्वारा 1 PPM या उससे अधिक के अमोनिया स्तर वाले जल के दीर्घकालिक अंतर्ग्रहण के कारण उनके आंतरिक अंगों को नुकसान हो सकता है।

**5. उत्तर: (C)**

**व्याख्या:**

- अमेरिकी संविधान के मुताबिक अमेरिका के राष्ट्रपति को देशद्रोह, रिश्वत लेने अथवा किसी अन्य गंभीर अपराध या दुष्कर्म के कारण पद से हटाया जा सकता है।
- अब तक तीन अमेरिकी राष्ट्रपतियों- डोनाल्ड ट्रंप (वर्ष 2019), बिल क्लिंटन (वर्ष 1998) और एंड्रयू जॉनसन (वर्ष 1868) पर हाउस ऑफ रिप्रेजेंटेटिव्स द्वारा महाभियोग चलाया गया है, हालाँकि सभी को सीनेट में विमुक्त कर दिया गया।
- इस प्रकार किसी भी अमेरिकी राष्ट्रपति को अब तक महाभियोग द्वारा पद से हटाया नहीं गया है। **अत: कथन 1 सही है।**
- भारत में राष्ट्रपति को केवल 'संविधान का उल्लंघन' करने की स्थिति में ही हटाया जा सकता है, साथ ही भारतीय संविधान में 'संविधान के उल्लंघन' के अर्थ को परिभाषित नहीं किया गया है।
- महाभियोग की प्रक्रिया संसद के किसी भी सदन- लोकसभा अथवा राज्यसभा द्वारा शुरू की जा सकती है। **अत: कथन 2 सही है।**

**6. उत्तर: C**

**व्याख्या:**

भारत- ओमान संबंध:

- अरब सागर के दोनों देश एक-दूसरे से भौगोलिक, ऐतिहासिक और सांस्कृतिक रूप से जुड़े हुए हैं तथा दोनों के बीच सकारात्मक एवं सौहार्दपूर्ण संबंध हैं, जिसका श्रेय ऐतिहासिक समुद्री व्यापार संबंधों को दिया जाता है।

- जबकि भारत और ओमान के बीच संबंधों के बारे में जानकारी यहाँ के लोगों के मध्य 5000 वर्षों के संपर्क के आधार पर प्राप्त जा सकती है, वर्ष 1955 में राजनयिक संबंध स्थापित किये गए थे और वर्ष 2008 में इस संबंध को रणनीतिक साझेदारी में बदल दिया गया था। ओमान, भारत की पश्चिम एशिया नीति का एक प्रमुख स्तंभ रहा है।
- रक्षा संबंध:
- दोनों देशों के रक्षा मंत्रालय प्रतिवर्ष संयुक्त सैन्य सहयोग समिति की बैठक में अपने संबंधों की समीक्षा करते हैं।
- भारत और ओमान द्वारा अपनी तीनों सैन्य सेवाओं के बीच नियमित द्विवार्षिक द्विपक्षीय अभ्यास किया जाता है।
  - सैन्य अभ्यास: अल नजाह, **अत: कथन 2 सही है।**
  - वायु सेना अभ्यास: ईस्टर्न ब्रिज
  - नौसेना अभ्यास: नसीम अल बहार
- जिन तीन देशों के साथ ओमान अपनी स्थलीय सीमा साझा करता है उनमें उत्तर पश्चिम में संयुक्त अरब अमीरात, दक्षिण पश्चिम में यमन और पश्चिम में सऊदी अरब शामिल है। **अत: कथन 1 सही है।**

**7. उत्तर: D**

**व्याख्या:**

- तिरुवल्लुवर, जिन्हें वल्लुवर भी कहा जाता है, एक तमिल कवि-संत थे।
- कुछ लोग तिरुवल्लुवर को जैन धर्म से संबंधित मानते हैं जबकि कुछ उन्हें हिंदू धर्म से संबंधित थे। द्रविड़ समूहों (Dravidian Groups) ने उन्हें एक संत माना क्योंकि वे जाति व्यवस्था में विश्वास नहीं रखते थे।
- उनके प्राथमिक कार्य तिरुक्कुरल (तमिल साहित्य में योगदान) में 1330 दोहे (कुराल) हैं।
  - यह काव्य धर्म, अर्थ, और काम की शिक्षाओं के साथ तीन भागों में विभाजित किया गया है। **अत: कथन 1 सही है।**
- अक्तूबर 2002 में तमिलनाडु के वेल्लोर ज़िले में तमिलनाडु सरकार द्वारा तिरुवल्लुवर विश्वविद्यालय की स्थापना की गई थी।
- वर्ष 1976 में वल्लुवर कोटम नामक एक मंदिर-स्मारक चेन्नई में बनाया गया था जो एशिया में सबसे बड़े सभागारों में से एक है। **अत: कथन 2 सही है।**
- 16वीं शताब्दी की शुरुआत में चेन्नई के मायलापुर में एकमबेश्वरेश्वर मंदिर परिसर में तिरुवल्लुवर को समर्पित एक मंदिर बनाया गया था।

**8. उत्तर: C**

**व्याख्या :**

- नागी-नकटी पक्षी अभयारण्य (Nagi-Nakti Bird Sanctuaries) में बिहार के पहले राज्य-स्तरीय पक्षी उत्सव 'कलरव' (Kalrav) का आयोजन किया गया। इस तीन दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन पूरे देश के विशेषज्ञों और पक्षी प्रेमियों को आकर्षित करने की उम्मीद के साथ किया गया। **अत: कथन 2 सही नहीं हैं।**
- नागी बाँध और नकटी बाँध दो अलग अभयारण्य हैं परंतु एक-दूसरे से नज़दीक होने के कारण इन्हें एक ही पक्षी क्षेत्र माना जा सकता है।
- नागी-नकटी पक्षी अभयारण्य बिहार के जमुई ज़िले में स्थित है, यह स्थानिक पक्षी प्रजातियों और यूरेशिया, मध्य एशिया, आर्कटिक सर्कल, रूस तथा उत्तरी चीन जैसे स्थानों से शीतकाल के दौरान आने वाले विविध प्रवासी पक्षियों को आश्रय प्रदान करता है। **अत: कथन 2 सही नहीं हैं।**

**9. उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- इथेनॉल सम्मिश्रण कार्यक्रम:
- उद्देश्य: इसका उद्देश्य पेट्रोल के साथ इथेनॉल को मिश्रित करना है, ताकि इसे जैव ईंधन की श्रेणी में लाया जा सके। इसके परिणामस्वरूप ईंधन आयात में कटौती तथा कार्बन उत्सर्जन में कमी के चलते लाखों डॉलर की बचत होगी।
- लक्ष्य: वर्ष 2025 तक इथेनॉल के सम्मिश्रण को पेट्रोल में 20% तक बढ़ाना। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**

नोट :

- प्रधानमंत्री जी-वन योजना (Pradhan Mantri JI-VAN Yojana), 2019: इस योजना का उद्देश्य दूसरी पीढ़ी (2G) के इथेनॉल उत्पादन हेतु वाणिज्यिक परियोजनाओं की स्थापना के लिये एक पारिस्थितिकी तंत्र का निर्माण करना और इस क्षेत्र में अनुसंधान तथा विकास को बढ़ावा देना है। **अत: कथन 1 सही है।**
- राष्ट्रीय जैव ईंधन नीति-2018: इस नीति में 'आधारभूत जैव ईंधनों' यानी पहली पीढ़ी (1जी) के बायोइथेनॉल और बायोडीज़ल तथा 'विकसित जैव ईंधनों' यानी दूसरी पीढ़ी (2जी) के इथेनॉल, निगम के ठोस कचरे (एमएसडब्ल्यू) से लेकर ड्रॉप-इन ईंधन, तीसरी पीढ़ी (3जी) के जैव ईंधन, बायो CNG आदि को श्रेणीबद्ध किया गया है, ताकि प्रत्येक श्रेणी के अंतर्गत उचित वित्तीय और आर्थिक प्रोत्साहन बढ़ाया जा सके।

**10. उत्तर: D**

**व्याख्या:**

- 05 जून, 1972 को स्थापित संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम (UNEP), एक प्रमुख वैश्विक पर्यावरण प्राधिकरण है।
- कार्य: इसका प्राथमिक कार्य वैश्विक पर्यावरण एजेंडा को निर्धारित करना, संयुक्त राष्ट्र प्रणाली के भीतर सतत् विकास को बढ़ावा देना और वैश्विक पर्यावरण संरक्षण के लिये एक आधिकारिक अधिवक्ता के रूप में कार्य करना है।
- प्रमुख रिपोर्ट्स: उत्सर्जन गैप रिपोर्ट, वैश्विक पर्यावरण आउटलुक, इन्वेस्ट इनटू हेल्थी प्लेनेट रिपोर्ट। **अत: विकल्प (D) सही है।**
- प्रमुख अभियान: 'बीट पॉल्यूशन', 'UN75', विश्व पर्यावरण दिवस, वाइल्ड फॉर लाइफ।
- मुख्यालय: नैरोबी (केन्या)।

**11. उत्तर. D**

**व्याख्या:**

- माइटोकॉन्ड्रिया उन कोशिकाओं में पाए जाने वाले अंग हैं जो ऊर्जा उत्पादन के स्थल हैं। ये 'एडिनोसिन ट्राइ फॉस्फेट' (Adenosine Triphosphate) के रूप में कोशिकीय ऊर्जा का उत्पादन करते हैं, इसलिये इसे कोशिका का 'पॉवर हाउस' कहा जाता है। माइटोकॉन्ड्रिया विखंडन द्वारा विभाजित होता है। **अत: कथन 2 सही है।**
- माइटोकॉन्ड्रियल DNA माइटोकॉन्ड्रिया के अंदर पाया जाने वाला छोटा गोलाकार गुणसूत्र है। **अत: कथन 1 सही है।**
- माइटोकॉन्ड्रियल DNA नाभिक में मौजूद डीएनए (Deoxyribonucleic Acid) से अलग होते हैं।
- माइटोकॉन्ड्रियल जीन आवरण के साथ-साथ क्रोमेटिन से भी युक्त नहीं होता है।
- नाभिकीय डीएनए के विपरीत माइटोकॉन्ड्रियल डीएनए माता से विरासत में मिलता है, जबकि नाभिकीय डीएनए माता-पिता दोनों से विरासत में मिलता है। **अत: कथन 3 सही है।**

**12. उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- हाल ही में 'नोमुरा इंडिया नॉर्मलाइज़ेशन इंडेक्स' (Nomura India Normalization Index- NINI) के नवीनतम अध्ययन में भारतीय अर्थव्यवस्था पर COVID-19 तथा K-शेप्ड रिकवरी के प्रभाव संबंधी आँकड़े प्रस्तुत किये गए हैं।
- 'इकोनॉमिक रिकवरी' के कई रूप होते हैं, जिसे वर्णमाला संकेतन का उपयोग करके दर्शाया जाता है। उदाहरण के लिये, Z-शेप्ड इकोनॉमिक रिकवरी, V-शेप्ड इकोनॉमिक रिकवरी, U-शेप्ड इकोनॉमिक रिकवरी, U-शेप्ड इकोनॉमिक रिकवरी, W-शेप्ड इकोनॉमिक रिकवरी, L-शेप्ड इकोनॉमिक रिकवरी और K-शेप्ड इकोनॉमिक रिकवरी।
- Z-आकार की रिकवरी: यह सबसे आशावादी परिदृश्य होता है जिसमें अर्थव्यवस्था में गिरावट के बाद तेजी से वृद्धि होती है।
  - Z- शेप चार्ट, सामान्य पृवत्ति में आने से पहले अर्थव्यवस्था में पूर्व स्थिति पर तेजी से पहुचने का प्रयास दर्शाता है (जैसे- लॉकडाउन हटाए जाने के बाद भरपाई में की गयी खरीददारी)।
- V-आकार की रिकवरी: यह Z आकार की रिकवरी के बाद का परिदृश्य होता है जिसमें अर्थव्यवस्था तीव्रता से पूर्व स्थिति को प्राप्त करती है और सामान्य विकास की प्रवृत्ति-रेखा पर वापस आ जाती है।
  - इसमें आय एवं रोज़गार स्थायी रूप से समाप्त नहीं होते हैं और आर्थिक विकास की रिकवरी भी तेज़ी से होती है जिससे अर्थव्यवस्था विकृति के पूर्व की स्थिति में वापस लौट आती है। अत: विकल्प B में दिया गया कथन सही नहीं है।

नोट :

- U-आकार की रिकवरी: यह ऐसा परिदृश्य होता है जिसमें अर्थव्यवस्था गिरने, संघर्ष करने और कुछ अवधि के लिये कम विकास दर के बाद, धीरे-धीरे सामान्य स्तर तक वृद्धि करती है।
  - इस मामले में विभिन्न प्रकार की नौकरियाँ समाप्त हो जाती हैं और लोग अपनी बचत पर निर्भर होते हैं।
- W-आकार की रिकवरी: इस प्रकार की रिकवरी जोखिम युक्त होती है – इसमें विकास दर में कमी तथा वृद्धि होती है, तथा फिर गिरती है और पुन: वृद्धि करती है, इस प्रकार, इसमें W-आकार का चार्ट बनता है।
  - W-आकार की रिकवरी में दूसरी बार दर्शायी गई गिरावट का कारण महामारी की दूसरी लहर हो सकती है।
- L- आकार की रिकवरी: यह रिकवरी की सबसे खराब स्थिति होती है, जिसमें अर्थव्यवस्था में गिरावट के बाद विकास एक निचले स्तर पर रुक जाता है और लंबे समय तक इस स्थिति में सुधार नहीं होता है।
  - आकार से पता चलता है कि अर्थव्यवस्था की उत्पादन क्षमता को स्थायी नुकसान पहुँचता है।
- K- आकार की रिकवरी: K- आकार की आर्थिक रिकवरी तब होती है, जब मंदी के बाद अर्थव्यवस्था के विभिन्न हिस्सों में अलग-अलग दर, समय या परिमाण में 'रिकवरी' होती है। यह विभिन्न क्षेत्रों, उद्योगों या लोगों के समूहों में समान 'रिकवरी' के सिद्धांत के विपरीत है।
  - के-शेप्ड इकोनॉमिक रिकवरी से अर्थव्यवस्था की संरचना में व्यापक परिवर्तन होता है और आर्थिक परिणाम मंदी के पहले तथा बाद में मौलिक रूप से बदल जाते हैं।

**13. उत्तर: C**

व्याख्या:

- हाल ही में इंडोनेशिया के पूर्वी जावा प्रांत में स्थित सेमरू ज्वालामुखी (Semeru Volcano) में विस्फोट हुआ है। इंडोनेशिया में स्थित अन्य ज्वालामुखी जिनमें मेरापी ज्वालामुखी (जावा) और सिनाबंग ज्वालामुखी (सुमात्रा) शामिल हैं, में कुछ समय पूर्व ही विस्फोट हुआ था।
- सेमरू- जिसे "द ग्रेट माउंटेन" के रूप में भी जाना जाता है जावा का सबसे उच्चतम ज्वालामुखी शिखर है तथा सर्वाधिक सक्रिय ज्वालामुखियों में से एक है।
- इसमें अंतिम बार दिसंबर 2019 में विस्फोट हुआ था।
- इंडोनेशिया में विश्व के सक्रिय ज्वालामुखियों की सर्वाधिक संख्या होने के साथ-साथ इसके पैसिफिक रिंग ऑफ फायर (Pacific's Ring of Fire) में अवस्थित होने के कारण यहाँ भूकंपीय उथल-पुथल का खतरा भी बना रहता है। **अत: कथन 2 सही है।**
- सेमरू ज्वालामुखी भी सूंडा प्लेट (यूरेशियन प्लेट का हिस्सा) के नीचे स्थित इंडो-ऑस्ट्रेलियाई प्लेट के उप-भाग के रूप में निर्मित द्वीपीय चाप (Island Arcs) का हिस्सा है। यहाँ निर्मित खाई को सुंडा खाई के नाम से जाना है, जावा खाई (Java Trench) इसका प्रमुख खंड/भाग है। **अत: कथन 1 सही है।**

**14. उत्तर: C**

व्याख्या :

- भारत मौसम विज्ञान विभाग (India Meteorological Department-IMD) के अनुसार, पश्चिमी विक्षोभ (Western Disturbance- WD) के कारण शीघ्र ही हिमालय क्षेत्र के प्रभावित होने की संभावना है।
- विक्षोभों के परिणामस्वरूप जम्मू के मैदानी इलाकों में हल्की से मध्यम बर्फबारी और बारिश हो सकती है।
- पश्चिमी विक्षोभ को भूमध्य सागर में उत्पन्न होने वाले एक 'बहिरूष्ण उष्णकटिबंधीय तूफान' के रूप में चिह्नित किया जाता है, जो एक निम्न दबाव का क्षेत्र है तथा उत्तर-पश्चिम भारत में अचानक वर्षा, बर्फबारी और कोहरे के लिये ज़िम्मेदार है। अत: कथन (A) सही है।
- "बहिरूष्ण कटिबंधीय तूफान" शब्द में तूफान कम दबाव के क्षेत्र को संदर्भित करता है तथा "अतिरिक्त उष्णकटिबंधीय"का अर्थ है उष्णकटिबंधीय के अतिरिक्त। चूँकि पश्चिमी विक्षोभ की उत्पत्ति उष्णकटिबंधीय क्षेत्र से बाहर होती है, इसलिये "बहिरूष्ण कटिबंधीय" शब्द उनके साथ जुड़ा हुआ है।
- पश्चिमी विक्षोभ का संबंध उत्तरी भारत में वर्षा, बर्फबारी और कोहरे से जुड़ा हुआ है। इसके कारण पाकिस्तान और उत्तरी भारत में वर्षा और बर्फबारी होती है। पश्चिमी विक्षोभ अपने साथ लाने वाली नमी को भूमध्य सागर और/या अटलांटिक महासागर से ग्रहण करते हैं। **अत: कथन ( B ) सही है।**

नोट :

- सर्दियों में होने वाली वर्षा और प्री-मॉनसून वर्षा पश्चिमी विक्षोभ के कारण होती है जो उत्तरी उपमहाद्वीप क्षेत्र में रबी की फसल के विकास के लिये महत्त्वपूर्ण होती है। **अतः कथन (C) सही नहीं है।**
- पश्चिमी विक्षोभ की दिशा 'पश्चिम' से 'पूर्व' की ओर होती है। ये हाई अल्टीट्यूड पर पूर्व की ओर चलने वाली वर्स्टली जेट धाराओं (Westerly Jet Streams) के साथ यात्रा करते हैं। **अतः कथन (D) सही है।**

**15. उत्तर.D**

**व्याख्या:**

- अमेरिका के 'ओपन स्काई संधि' (OST) से अलग होने की घोषणा के बाद हाल ही में रूस ने भी इस संधि से अलग होने की घोषणा की है। रूस के अनुसार, यह संधि सदस्य देशों की सीमाओं में सैन्य गतिविधियों की जाँच के लिये गैर-हथियार वाले निगरानी विमानों की उड़ान की अनुमति देती है और इस संधि से अमेरिका की वापसी के कारण रूस के सामरिक हितों पर गंभीर खतरा उत्पन्न हो गया है।
- ज्ञात हो कि बीते वर्ष नवंबर माह में अमेरिका ने यह कहते हुए 'ओपन स्काई संधि' (OST) से स्वयं को अलग कर लिया था कि रूस द्वारा इस संधि का स्पष्ट तौर पर उल्लंघन किया जा रहा है।
- 'ओपन स्काई संधि', 'ओपन स्काई समझौते' से अलग है। इससे अंतर्राष्ट्रीय यात्री और कार्गो उड़ानों की पहुँच में विस्तार होता है।
- ओपन स्काई समझौता एक द्विपक्षीय समझौता है, जो दो देशों की एयरलाइंस को अंतर्राष्ट्रीय यात्री एवं कार्गो सेवाओं को उपलब्ध कराने हेतु अधिकार प्रदान करता है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- ओपन स्काई संधि एक सदस्य राष्ट्र को मेज़बान राष्ट्र के किसी भी हिस्से पर निगरानी करने की अनुमति देती है लेकिन मेज़बान देश की स्वीकृति के आधार पर। **अतः कथन 2 सहीं नहीं है।**
- हाल ही में संयुक्त अरब अमीरात (UAE) ने भारत के साथ एक 'ओपन स्काई समझौता' करने के प्रति रुचि व्यक्त की है।

**16. उत्तर: (C)**

**व्याख्या:**

- दुर्लभ रोग उस स्वास्थ्य स्थिति को इंगित करता है, जिसका प्रसार अन्य बीमारी या रोगों की तुलना में कम होता है तथा जो सामान्य आबादी में अन्य प्रचलित बीमारियों की तुलना में बहुत कम लोगों को प्रभावित करती है।
- हालाँकि दुर्लभ रोगों की कोई सार्वभौमिक स्वीकृत परिभाषा नहीं है तथा विभिन्न देशों में इसकी परिभाषा आमतौर पर भिन्न-भिन्न होती है।
- 80 प्रतिशत दुर्लभ बीमारियाँ आनुवंशिक होती हैं और इसलिये बच्चों पर इनका विपरीत प्रभाव पड़ता है। **अतः कथन 1 सही है।**
- भारत में लगभग 56-72 मिलियन लोग दुर्लभ रोगों से प्रभावित हैं।
- लाइसोसोमल स्टोरेज डिसऑर्डर
- लाइसोसोमल स्टोरेज डिसऑर्डर एक आनुवंशिक मेटाबॉलिक बीमारी (Inherited Metabolic Disease) है। इसमें एंज़ाइम की कमी के परिणामस्वरूप शरीर की कोशिकाओं में विभिन्न विषाक्त पदार्थों का असामान्य रूप से निर्माण होता है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- यह कंकाल, मस्तिष्क, त्वचा, हृदय और केंद्रीय तंत्रिका तंत्र सहित शरीर के विभिन्न हिस्सों को प्रभावित कर सकता है।
- वर्तमान में कई लाइसोसोमल स्टोरेज रोगों के लिये कोई अनुमोदित उपचार उपलब्ध नहीं है परंतु एंज़ाइम रिप्लेसमेंट थेरेपी (ERT) द्वारा इन्हें कुछ हद तक नियंत्रित किया जा सकता है।
- ड्यूशेन मस्कुलर डिस्ट्रॉफी
- यह एक आनुवंशिक विकार है जिसमें डायस्ट्रोफिन नामक प्रोटीन (मांसपेशियों की कोशिकाओं को बनाए रखने में मदद करता है) के बदलने या परिवर्तित होने के कारण प्रगतिशील मांसपेशियों में विकृति और कमज़ोरी उत्पन्न हो जाती है। **अतः कथन 3 सही है।**
- लक्षण:
  - मांसपेशियों में कमज़ोरी।
  - पिंडली विरूपण।

नोट :

- वाडलिंग गैट (चाल बतख के समान हो जाती है)।
- मेरुवक्रता या रीढ़ वक्रता (Lumbar Lordosis)।

**17. उत्तर: A**

**व्याख्या**

- 'इंडियन स्टार टॉर्टोइज़' भारतीय उप-महाद्वीप में विशेष रूप से भारत के मध्य और दक्षिणी हिस्से में पाया जाता है। इसके अलावा यह पश्चिमी पाकिस्तान और श्रीलंका में भी पाया जाता है। अत: कथन 1 सही नहीं है।
- हाल ही में आंध्र प्रदेश से ओडिशा को तस्करी किये जा रहे 'इंडियन स्टार टॉर्टोइज़' (Indian Star Tortoise) को जब्त किया गया है।
- प्रजातियों को दो प्रकार के खतरों का सामना करना पड़ रहा है- पहला, कृषि के कारण आवास का नष्ट होना और दूसरा, पालतू पशुओं के व्यापार (Pet Trade) हेतु उन्हें अवैध रूप से पकड़ना।
- वन्यजीव अपराध नियंत्रण ब्यूरो (Wildlife Crime Control Bureau) के अनुसार, इंडियन स्टार टॉर्टोइज़ का 90% व्यापार अंतर्राष्ट्रीय पालतू जानवरों के बाज़ार (International Pet Market) के माध्यम से किया जाता है।
- यदि इंडियन स्टार टॉर्टोइज़ की तस्करी इसी गति से जारी रही तो वर्ष 2025 तक इनकी संख्या में 30% से अधिक की गिरावट देखी जा सकती है।
- संरक्षण की स्थिति:
- वन्यजीव संरक्षण अधिनियम, 1972 की अनुसूची-IV में शामिल।
  - अनुसूची-IV: इस सूची में उन प्रजातियों को शामिल किया गया है जो लुप्तप्राय नहीं हैं। इसमें संरक्षित प्रजातियों को शामिल किया जाता है लेकिन किसी भी उल्लंघन के मामले में दंड का प्रावधान अनुसूची-I और अनुसूची-II की तुलना में कम है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- वन्यजीवों और वनस्पतियों की संकटापन्न प्रजातियों के अंतर्राष्ट्रीय व्यापार पर कन्वेंशन (CITES): परिशिष्ट-1
- IUCN स्थिति: सुभेद्य। **अत: कथन 3 सही है।**

**18. उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- भारतीय रिज़र्व बैंक (Reserve Bank of India) के गवर्नर एक बैड बैंक (Bad Bank) बनाने के प्रस्ताव पर ध्यान देने के लिये सहमत हुए हैं।
- बैड बैंक एक आर्थिक अवधारणा है जिसके अंतर्गत आर्थिक संकट के समय घाटे में चल रहे बैंकों द्वारा अपनी देयताओं को एक नए बैंक को स्थानांतरित कर दिया जाता है।
- तकनीकी रूप से एक बैड बैंक एक परिसंपत्ति पुनर्गठन कंपनी (Asset Reconstruction Company- ARC) या एक परिसंपत्ति प्रबंधन कंपनी (Asset Management Company- AMC) है जो वाणिज्यिक बैंकों के बैड लोन्स को अपने नियंत्रण में लेकर उनका प्रबंधन और समय के साथ धन की वसूली करती है। अत: कथन 1 सही नहीं है।
- बैड बैंक ऋण देने और जमा स्वीकार करने की प्रकिया का भाग नहीं होता है, लेकिन वाणिज्यिक बैंकों का बैलेंस शीट ठीक करने में मदद करता है। **अत: कथन 2 सही है।**
- अमेरिका स्थित मेल्लोन बैंक (Mellon Bank) द्वारा वर्ष 1988 में पहला बैड बैंक बनाया गया था, जिसके बाद यह अवधारणा स्वीडन, फिनलैंड, फ्राँस और जर्मनी सहित अन्य देशों में लागू की गई है।
- अमेरिका में दवाबग्रस्त परिसंपत्ति राहत कार्यक्रम (Troubled Asset Relief Programme- TARP)।
- आयरलैंड में वित्तीय संकट से उभरने के लिये वर्ष 2009 में राष्ट्रीय परिसंपत्ति प्रबंधन एजेंसी।

नोट :

**19. उत्तर: (A)**

**व्याख्या**

- केंद्रीय सतर्कता आयोग (Central Vigilance Commission- CVC) एक शीर्ष सतर्कता संस्थान है जो किसी भी कार्यकारी प्राधिकारी के नियंत्रण से मुक्त होता है तथा केंद्र सरकार के अंतर्गत सभी सतर्कता गतिविधियों की निगरानी करता है। यह केंद्रीय सरकारी संगठनों में विभिन्न प्राधिकारियों को उनके सतर्कता कार्यों की योजना बनाने, उनके निष्पादन, समीक्षा एवं सुधार के संबंध में सलाह भी देता है।
- केंद्रीय सतर्कता आयोग कोई अन्वेषण एजेंसी नहीं है। यह या तो CBI के माध्यम से या सरकारी कार्यालयों में मुख्य सतर्कता अधिकारियों (CVO) के माध्यम से मामले की जाँच/अन्वेषण कराता है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- केंद्रीय सतर्कता आयोग (CVC) की स्थापना केंद्र सरकार द्वारा वर्ष 1964 में के. संथानम की अध्यक्षता वाली समिति की सिफारिशों के आधार पर की गई थी। वर्ष 2003 में आयोग को वैधानिक दर्जा देते हुए संसद द्वारा केंद्रीय सतर्कता आयोग अधिनियम पारित किया गया। अत: कथन 1 सही है।
- CVC भ्रष्टाचार या कार्यालय के दुरुपयोग से संबंधित शिकायतें सुनता है और इस दिशा में उपयुक्त कार्रवाई की सिफारिश करता है।

**20.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- भारतीय रेल वित्त निगम भारतीय रेलवे की एक सहायक कंपनी है जो कि भारतीय रेलवे की एक समर्पित बाज़ार उधार शाखा भी है। अत: कथन 1 सही है।
- यह रोलिंग स्टॉक (Rolling Stock) परिसंपत्तियों के अधिग्रहण के वित्तपोषण के लिये एक वित्तीय लीज़िंग मॉडल का अनुसरण करता है, जिसमें लोकोमोटिव, कोच, वैगन्स, ट्रक, फ्लैट, इलेक्ट्रिक मल्टीपल यूनिट, कंटेनर, क्रेन, ट्रॉली आदि शामिल हैं।
- यह भारतीय रेलवे की क्षमता वृद्धि में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाता है, जो अपने वार्षिक योजना परिव्यय के बहुमत के अनुपात में वित्तपोषण करके दीर्घकालिक व्यापार सुगमता सुनिश्चित करता है।
- यह रेलवे अवसंरचना परिसंपत्तियों और भारत सरकार की राष्ट्रीय परियोजनाओं (परियोजना परिसंपत्तियों) को पट्टे पर देने और रेल मंत्रालय के तहत अन्य संस्थाओं को ऋण देने में भी सक्षम है। **अत: कथन 2 सही है।**

**21. उत्तर: C**

**व्याख्या**

- बांदीपुर टाइगर रिज़र्व की स्थापना प्रोजेक्ट टाइगर के तहत वर्ष 1973 में की गई थी।
- वर्ष 1985 में वेणुगोपाला वन्यजीव पार्क से सटे क्षेत्रों को शामिल कर इसके क्षेत्रफल में वृद्धि की गई तथा बांदीपुर राष्ट्रीय उद्यान नाम दिया गया।
- अवस्थिति: यह कर्नाटक के दो निकटतम ज़िलों (मैसूर और चामराजनगर) में फैला हुआ है तथा कर्नाटक, तमिलनाडु और केरल राज्यों के त्रि-जंक्शन क्षेत्र में स्थित है। यह नीलगिरि बायोस्फीयर रिज़र्व का एक हिस्सा है। अत: कथन 1 सही नहीं है।
- यह विभिन्न पुष्प प्रजातियों और जीव विविधता से संपन्न क्षेत्र है और देश के मेगा जैव विविधता क्षेत्रों (Mega Biodiversity Areas) के रूप में पहचाना जाता है।
- बांदीपुर के साथ-साथ नागरहोल, मुदुमलाई, सत्यमंगलम और वायनाड में बाघों की वैश्विक स्तर पर सबसे बड़ी आबादी पाई जाती है।
- यह विश्व में एशियाई हाथियों की आबादी का एक मात्र सबसे बड़ा आश्रय स्थल है तथा मैसूर एलीफेंट रिज़र्व (Mysore Elephant Reserve- MER) का हिस्सा है। अत: कथन 3 सही हैं।
- नदियाँ और उच्चतम बिंदु: यह पार्क उत्तर में कबिनी नदी और दक्षिण में मोयार नदी के मध्य स्थित है। नुगु नदी पार्क के मध्य से बहती है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- पार्क का उच्चतम बिंदु हिमवद गोपालस्वामी बेट्टा (Himavad Gopalaswamy Betta) नामक पहाड़ी पर स्थित है।

नोट :

**22. उत्तर: D**

**व्याख्या:**

शिक्षा (प्रमाण पत्र), वित्त (आसान ऋण के लिये), सट्टेबाज़ी की अर्थव्यवस्था (ऑनलाइन गेम) और स्वास्थ्य सेवा (ई-फार्मेसी) जैसे विभिन्न क्षेत्रों में वैश्विक स्तर पर शैडो उद्यमियों (Shadow Entrepreneurship) की उपस्थिति में वृद्धि देखी जा रही है।

- शैडो उद्यमी ऐसे व्यक्ति को कहा जाता है जो किसी व्यवसाय का प्रबंधन करता है तथा वैध वस्तुओं और सेवाओं की बिक्री करता है परंतु वह अपने व्यवसायों को सरकार के साथ पंजीकृत नहीं कराता है। **अत: कथन 1 सही है।**
- इस प्रकार के व्यवसायों में बिना लाइसेंस वाली टैक्सी सेवा, सड़क किनारे भोजन स्टाल लगाना और छोटे भू-निर्माण आदि कार्य शामिल हैं। अत: कथन 2 सही है।
- इंपीरियल कॉलेज बिज़नेस स्कूल (Imperial College Business School) द्वारा 68 देशों पर किये गए एक अध्ययन के अनुसार, इंडोनेशिया के बाद भारत में सबसे अधिक शैडो उद्यमी हैं। **अत: कथन 3 सही है।**
- लाभ:
- रोज़गार में वृद्धि: अनौपचारिक क्षेत्र की अधिकांश नौकरियाँ शैडो उद्यमिता के अंतर्गत आती हैं। इसके अन्य लाभ इस प्रकार हैं:
- आर्थिक विकास का चालक
- गरीबी में कमी
- गैर कृषि रोज़गार प्रदान कर कृषि पर दबाव को कम करना।
- उपभोक्ताओं के लिये विविध विकल्पों की मौजूदगी।

**23. उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- भारतीय वायु सेना (Indian Air Force- IAF) तथा 'फ्राँसीसी वायु और अंतरिक्ष बल' द्वारा जोधपुर हवाई अड्डे पर 20-24 जनवरी, 2021 के बीच 'डेज़र्ट नाइट-21' (Desert Knight-21) नामक एक द्विपक्षीय युद्ध अभ्यास का आयोजन किया जा रहा है। **अत: युग्म 1 सही सुमेलित है।**
- इस युद्धाभ्यास में दोनों पक्षों द्वारा राफेल विमानों को शामिल किया गया और दोनों प्रमुख वायु सेनाओं के बीच समन्वय में वृद्धि होने के भी संकेत है।
- वर्तमान में युद्धाभ्यास 'डेज़र्ट नाइट -21' के लिये फ्राँसीसी सैन्य टुकड़ी को एशिया में उनकी 'स्काईरोज़ तैनाती' (Skyros Deployment) के हिस्से के रूप में तैनात किया गया है।
- भारत और फ्राँस के राफेल लड़ाकू जेट 'एक्सरसाइज़ स्काईरोज़' (Exercise SKYROS) नामक युद्धाभ्यास में हिस्सा ले रहे हैं।
- सितंबर 2020 से अब तक भारतीय वायु सेना में आठ राफेल लड़ाकू जेट को शामिल करते हुए उनका परिचालन शुरू किया गया है। गौरतलब है कि भारत द्वारा वर्ष 2016 में 7.87-बिलियन यूरो की लागत से फ्राँस के साथ 36 राफेल जेट विमानों के लिये अनुबंध किया गया था।
- भारत और फ्राँस के बीच रक्षा अभ्यास:
- वरुण (Varuna) – नौसैनिक युद्धाभ्यास **( अत: युग्म 2 सही सुमेलित नहीं है )।**
- गरुण (Garuda) –वायुसेना अभ्यास।
- शक्ति (Shakti) – संयुक्त सैन्य अभ्यास।
- 'गरुड़ शक्ति' भारत एवं इंडोनेशिया के बीच संयुक्त सैन्य अभ्यास है।
- 'मित्र शक्ति' भारत और श्रीलंका के बीच आयोजित किया जाने वाला संयुक्त सैन्य अभ्यास है। **अत: युग्म 3 सही सुमेलित है।**

**24. उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- कार्बन पृथक्करण के तहत पौधों, मिट्टी, भूगर्भिक संरचनाओं और महासागर में कार्बन का दीर्घकालिक भंडारण होता है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**

**नोट :**

- कार्बन पृथक्करण स्वाभाविक रूप से एंथ्रोपोजेनिक गतिविधियों और कार्बन के भंडारण को संदर्भित करता है।
- प्रकार:
- स्थलीय कार्बन पृथक्करण:
  - स्थलीय कार्बन पृथक्करण (Terrestrial Carbon Sequestration) वह प्रक्रिया है जिसके माध्यम से वायुमंडल से $CO_2$ को प्रकाश संश्लेषण की क्रिया द्वारा पेड़-पौधों से अवशोषित कर मिट्टी और बायोमास (पेड़ की शाखाओं, पर्ण और जड़ों) में कार्बन के रूप में संग्रहीत किया जाता है।
- भूगर्भीय कार्बन पृथक्करण:
  - इसमें $CO_2$ का भंडारण किया जा सकता है, जिसमें तेल भंडार, गैस के कुओं, बिना खनन किये गए कोल भंडार, नमक निर्माण और उच्च कार्बनिक सामग्री के साथ मिश्रित संरचनाएँ शामिल होती हैं।
- महासागरीय कार्बन पृथक्करण:
  - महासागरीय कार्बन पृथक्करण द्वारा वातावरण से $CO_2$ को बड़ी मात्रा में अवशोषित, मुक्त और संग्रहीत किया जाता है। इसके दो प्रकार हैं- पहला, लौह उर्वरीकरण (Iron Fertilization) के माध्यम से महासागरीय जैविक प्रणालियों की उत्पादकता बढ़ाना और दूसरा, गहरे समुद्र में $CO_2$ को इंजेक्ट करना।
- लोहे की डंपिंग फाइटोप्लांकटन (Phytoplankton) की उत्पादन दर को तीव्र करती है, परिणामस्वरूप फाइटोप्लांकटन प्रकाश संश्लेषण की क्रिया को तीव्र कर देते हैं जो $CO_2$ को अवशोषित करने में सहायक हैं। **अतः कथन 2 सही है।**

**25. उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- हाल ही में प्रधानमंत्री ने गुरु गोविंद सिंह को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि दी। वह दस सिख गुरुओं में से अंतिम थे। गुरु गोविंद सिंह का जन्म 22 दिसंबर, 1666 को पटना, बिहार में हुआ था
- उन्हें सिख धर्म में उनके महत्त्वपूर्ण योगदान के लिये जाना जाता है, जिसमें बालों को ढकने के लिये पगड़ी की शुरुआत शामिल है।
- उन्होंने खालसा पंथ की भी स्थापना की। **अतः कथन 1 सही है।**
- उन्होंने वर्ष 1705 में मुगलों के विरुद्ध मुक्तसर का युद्ध किया था। **अतः कथन 2 सही है।**
- आनंदपुर (1704) की लड़ाई में गुरु गोविंद सिंह ने अपनी मां और दो नाबालिग बेटों को खो दिया था, जिन्हें मार दिया गया था। उनके बड़े बेटे की भी लड़ाई में मौत हो गई।
- उनके साहित्यिक योगदान में जाप साहिब, बेंती चौपाई, अमृत सवाई आदि शामिल हैं।
- उन्होंने ज़फरनामा भी लिखा था जो मुगल बादशाह औरंगज़ेब को एक पत्र था।

**26. उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- परमाणु सक्षम शौर्य मिसाइल (शौर्य मिसाइल) के-मिसाइल समूह से संबंधित है।
- शौर्य मिसाइल लघु श्रेणी एसएलबीएम के-15 सागरिका (Short Range SLBM K-15 Sagarika) का भूमि संस्करण (Land Variant) है जिसकी रेंज कम-से-कम 750 किलोमीटर है।
- यह सतह से सतह पर मार करने वाली सामरिक मिसाइल है।
- ब्रह्मोस एक सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल है।
- ब्रह्मोस मिसाइल को भारत और रूस के संयुक्त उपक्रम ने तैयार किया है।
- इसका नाम भारत की ब्रह्मपुत्र नदी और रूस की मोस्कवा नदी के नाम पर रखा गया है।
- इसकी वास्तविक रेंज 290 किलोमीटर है, परंतु इसे लड़ाकू विमान से दागे जाने पर यह लगभग 400 किलोमीटर हो जाती है। इसे भविष्य में 600 किलोमीटर तक बढ़ाने की योजना है।

नोट :

- यह 300 किलोग्राम भार तक युद्धक सामग्री ले जा सकती है।

यह एक सुपरसोनिक क्रूज़ मिसाइल है। इसकी गति 2.8 मैक है, जो विश्व में किसी भी मिसाइल से ज़्यादा है। अर्थात् इसकी मारक क्षमता ध्वनि की गति से भी तीन गुना अधिक है।

- पृथ्वी पहली स्वदेश निर्मित बैलिस्टिक मिसाइल है।
- IGMDP के तहत स्वदेशी तौर पर निर्मित पहली बैलिस्टिक मिसाइल।
- सतह-से-सतह पर मार करने वाली बैटल फील्ड मिसाइल।
- 150 किमी. से 300 किमी. तक की मारक दूरी की क्षमता।
- नाग मिसाइल
- स्वदेशी रूप से निर्मित नाग तीसरी पीढ़ी की टैंक भेदी मिसाइल है।
- नाग मिसाइल को दागे जाने के बाद रोका नहीं जा सकता है अर्थात् यह 'दागो और भूल जाओ' (Fire and Forget) के सिद्धांत पर आधारित है।
- यह परीक्षण पोखरण की टेस्ट फायरिंग रेंज में किया गया तथा परीक्षण के दौरान मिसाइल का दिन और रात दोनों समय टेस्ट फायर किया गया।
- नाग मिसाइल दिन और रात में बराबर क्षमता के साथ दुश्मन के टैंकों पर आक्रमण कर सकती है और युद्ध में दुश्मनों के टैंक को चार किलोमीटर दूर से ही ध्वस्त करने की क्षमता रखती है।
- नाग को मुख्यत: आधुनिक युद्धक टैंकों और बख्तरबंद लक्ष्यों को भेदने के लिये तैयार किया गया है।
- नाग के हेलीकाप्टर संस्करण को हेलीना (HELINA) नाम दिया गया है जिसे हिंदुस्तान एरोनॉटिक्स लिमिटेड द्वारा विकसित HALरूद्र और ध्रुव हेलीकाप्टर से प्रक्षेपित किया जा सकता है।
- इसकी रेंज 500 मीटर से 4 किलोमीटर तक है। **अत: विकल्प C सही है।**

**27. उत्तर: (C)**

**व्याख्या:**

- पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा ई-कचरा (प्रबंधन) नियम, 2016 को अधिसूचित किया गया था।
- इस नियम से पहले ई-अपशिष्ट (प्रबंधन और हैंडलिंग) नियम, 2011 लागू था।
- इस नियम के दायरे में कुल 21 प्रकार के उत्पाद (अनुसूची-1) शामिल किये गए हैं। इसमें अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के अलावा कॉम्पैक्ट फ्लोरोसेंट लैंप (CFL) और मरकरी पारा युक्त लैंप शामिल हैं।
- इस अधिनियम के तहत पहली बार इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के निर्माताओं को विस्तारित निर्माता ज़िम्मेदारी (EPR) के दायरे में लाया गया। उत्पादकों को ई-कचरे के संग्रहण तथा आदान-प्रदान के लिये उत्तरदायी बनाया गया है। **अत: कथन 1 सही है।**
- डिपॉज़िट रिफंड स्कीम को एक अतिरिक्त आर्थिक साधन के रूप में प्रस्तुत किया गया है, जिसमें निर्माता इलेक्ट्रिकल और इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों की बिक्री के समय जमा राशि के रूप में एक अतिरिक्त राशि वसूलता है और उपभोक्ता को यह राशि उपकरण लौटाने पर ब्याज समेत लौटा दी जाती है। **अत: कथन 2 सही है।**
- निराकरण और पुनर्चक्रण कार्यों में शामिल श्रमिकों की सुरक्षा, स्वास्थ्य और कौशल विकास सुनिश्चित करने का कार्य राज्य सरकारों को सौंपा गया है।
- नियमों के उल्लंघन की स्थिति में दंड का प्रावधान भी सुनिश्चित किया गया है।
- ई-कचरे के निराकरण और पुनर्चक्रण के लिये मौजूदा और आगामी औद्योगिक इकाइयों को उचित स्थान के आवंटन की भी व्यवस्था की गई है।

**28. उत्तर: B**

**व्याख्या:**

संविधान के तहत ऋण हेतु प्रावधान:

- केंद्र और राज्यों द्वारा ऋण लेना: भारत के संविधान के भाग XII में अध्याय II ऋण से संबंधित है। अनुच्छेद 292 में केंद्र सरकार और अनुच्छेद 293 में राज्यों द्वारा ऋण लिये जाने संबंधी प्रावधान हैं।

- राज्य विधानसभाओं को सशक्त बनाना: अनुच्छेद 293 (1) राज्य विधानमंडलों को राज्य की कार्यकारी शक्तियों को ऋण लेने और गारंटी देने में सक्षम बनाने या उनकी शक्ति को सीमित करने के लिये कानूनी अधिकार प्रदान करता है।
- केंद्र की सहमति: अनुच्छेद 293 की धारा (3) और (4) के तहत ऐसे मामलों में जहाँ राज्य सरकारों द्वारा केंद्र से लिये गए ऋण बकाया का भुगतान किया जाना हो, उस स्थिति में नए ऋण प्राप्त करने के लिये केंद्र की सहमति प्राप्त करने की आवश्यकता होती है और ऐसी सहमति शर्तों के अधीन दी जा सकती है। **अत: कथन 2 सही है।**
- संविधान की सातवीं अनुसूची की सूची 1 की प्रविष्टि 37 के तहत केवल केंद्र को विदेशी ऋण लेने की शक्ति प्राप्त है। अत: कथन 1 सही नहीं है।

**29. उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- भारतीय संविधान का अनुच्छेद 110 धन विधेयक से संबंधित है। अत: कथन 1 सही है।
- इसमें कहा गया है कि किसी विधेयक को धन विधेयक माना जाता है, यदि वह:
- किसी कर का अधिरोपण, उत्सादन, परिहार, परिवर्तन अथवा विनियमन करता हो।
- केंद्र सरकार द्वारा लिये गए  ऋण के विनियमन से संबंधित हो।
- भारत की संचित निधि या आकस्मिकता निधि की अभिरक्षा, या ऐसी किसी निधि में धन जमा करने या उसमें से धन निकालने संबंधित हो।
- भारत सरकार की संचित निधि से या आकस्मिकता निधि की अभिरक्षा करता हो।
- भारत सरकार की संचित निधि से धन का विनियोग करता हो।
- भारत की संचित निधि पर भारित किसी व्यय की उद्घोषणा या इस प्रकार के किसी व्यय की राशि में वृद्धि करता हो।
- भारत की संचित निधि या लोक लेखे में किसी प्रकार के धन की प्राप्ति या अभिरक्षा या इनसे व्यय या इनका केंद्र या राज्य की निधियों का लेखा परीक्षण करता हो।
- उपरोक्त विषयों का आनुषंगिक कोई विषय हो।
- धन विधेयक केवल लोकसभा में ही प्रस्तुत किये जा सकते हैं। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- इन्हें पेश करने के लिये राष्ट्रपति की सिफारिश आवश्यक है।
- राज्य सभा द्वारा इनमें कोई संशोधन नहीं किया जा सकता है और न ही इन्हें अस्वीकार किया जा सकता है। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

**30. उत्तर: D**

**व्याख्या:**

- हाल ही में नीति आयोग द्वारा भारत नवाचार सूचकांक रिपोर्ट, 2020 को जारी किया गया जिसमें कर्नाटक ने प्रमुख राज्यों की श्रेणी में अपना शीर्ष स्थान बरकरार रखा। **अत: कथन 1 सही है।**
- यह सूचकांक नीति आयोग (National Institution for Transforming India- NITI) द्वारा 'इंस्टीट्यूट फॉर कॉम्पिटिटिवनेस' (The Institute for Competitiveness) के साथ मिलकर जारी किया जाता है।
- इस सूचकांक को भारतीय राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों (केंद्रशासित प्रदेशों) के नवोन्मेषी पारिस्थितिकी तंत्र में सुधार करने और इन क्षेत्रों में नवाचार से संबंधित नीतियाँ तैयार करने के लिये वैश्विक नवाचार सूचकांक की तर्ज पर विकसित किया गया है। **अत: कथन 2 सही है।**
- प्रयुक्त संकेतक:
- पीएचडी छात्रों की संख्या और ज्ञान-गहन रोज़गार।
- इंजीनियरिंग और प्रौद्योगिकी में नामांकन और अत्यधिक कुशल पेशेवरों की संख्या।
- अनुसंधान एवं विकास में निवेश, पेटेंट और ट्रेडमार्क के लिये किये गए आवेदनों की संख्या।
- इंटरनेट उपयोगकर्त्ता। **अत: कथन 3 सही है।**
- FDI अंतर्वाह, कारोबारी माहौल, सुरक्षा और कानूनी वातावरण।

नोट :

**31. उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- राष्ट्रपति की क्षमादान की शक्ति:
- इसके संबंध में:
  - संविधान के अनुच्छेद-72 के तहत राष्ट्रपति को उन व्यक्तियों को क्षमा करने की शक्तियाँ प्राप्त हैं जो निम्नलिखित मामलों में किसी अपराध के लिये दोषी करार दिये गए हों।
- संघीय विधि के विरुद्ध किसी अपराध के संदर्भ में दिये गए दंड में।
- सैन्य न्यायालय द्वारा दिये गए दंड में।
- यदि दंड का स्वरुप मृत्युदंड हो।
  - सीमाएँ:
- राष्ट्रपति क्षमादान की अपनी शक्ति का प्रयोग केंद्रीय मंत्रिमंडल के परामर्श के बिना नहीं कर सकते।
- सर्वोच्च न्यायालय (SC) ने कई मामलों में निर्णय दिया है कि राष्ट्रपति को दया याचिका का फैसला करते हुए मंत्रिपरिषद की सलाह पर कार्रवाई करनी है। इनमें वर्ष 1980 में मारूराम बनाम भारत संघ, और वर्ष 1994 में धनंजय चटर्जी बनाम पश्चिम बंगाल राज्य मामले शामिल हैं। **अत: कथन 1 सही है।**

**राष्ट्रपति और राज्यपाल की क्षमादान की शक्तियों के मध्य अंतर:**

- अनुच्छेद 72 के तहत राष्ट्रपति की क्षमादान शक्ति का दायरा अनुच्छेद 161 के तहत राज्यपाल की क्षमादान शक्ति से अधिक है जो निम्नलिखित दो तरीकों से भिन्न है:
- सैन्य मामले: राष्ट्रपति सैन्य न्यायालय द्वारा दी गई सज़ा को क्षमा कर सकते हैं परंतु राज्यपाल नहीं।
- मृत्युदंड: राष्ट्रपति मृत्युदंड से संबंधित सभी मामलों में क्षमादान दे सकते हैं परंतु राज्यपाल की क्षमादान की शक्ति मृत्युदंड के मामलों तक विस्तारित नहीं है। **अत: कथन 2 सही है।**

**32. उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- एस्ट्रोसैट भारत का पहला समर्पित खगोल विज्ञान मिशन है जिसका उद्देश्य एक्स-रे, ऑप्टिकल और यूवी स्पेक्ट्रल बैंडों के साथ-साथ अपने पाँच अद्वितीय एक्स-रे तथा पराबैंगनी दूरबीनों के साथ मिलकर काम करना है। **अत: कथन 1 सही है।**
- एस्ट्रोसैट मिशन की अनूठी विशेषताओं में से एक यह भी है कि यह उपग्रह विभिन्न खगोलीय वस्तुओं का एक ही समय में बहु-तरंग दैर्ध्य (Multi-Wavelength) अवलोकन करने में सक्षम है। **अत: कथन 2 सही है।**

**33. उत्तर: C**

**व्याख्या**

- एंजियोजेनेसिस एक शारीरिक प्रक्रिया है जिसमें पहले से मौजूद वाहिकाओं (Vessels) में नई रक्त वाहिकाओं का निर्माण होता है। **अत: कथन 1 सही है।**
- कैंसर (Cancer) की वृद्धि में एंजियोजेनेसिस की अहम भूमिका होती है क्योंकि ट्यूमर (Tumors) को आकार में बड़ा होने के लिये रक्त आपूर्ति की ज़रूरत होती है। ट्यूमर रासायनिक संकेतों (Chemical Signals) को बंद करके उन रक्त कोशिकाओं के विकास को गति प्रदान करता है जो एंजियोजेनेसिस को उत्तेजित करती हैं।
- कीमोथेरेपी (Chemotherapy) के बाद ट्यूमर एंजियोजेनेसिस (Tumor Angiogenesis) को रोकने में कैंसर-रोधी चिकित्सा एक लोकप्रिय रणनीति बन गई है।
- एंजियोजेनेसिस अवरोधक (Angiogenesis Inhibitors) कैंसर के विरुद्ध प्रयोग होने वाले अद्वितीय एजेंट हैं क्योंकि ये स्वयं ट्यूमर कोशिकाओं के विकास को रोकने के बजाय उन रक्त वाहिकाओं के विकास को ही अवरुद्ध करने का कार्य करते हैं जो ट्यूमर कोशिकाओं को विकसित करती हैं। **अत: कथन 2 सही है।**

नोट :

**34. उत्तर: A**

**व्याख्या:**

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ ज़िले में चिनाब नदी पर स्थित 850 मेगावाट की रतले पनबिजली परियोजना (Ratle Hydropower Project) हेतु 5281.94 करोड़ रुपए के निवेश की मंज़ूरी दे दी है।

- रतले जलविद्युत परियोजना जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ ज़िले में चिनाब नदी पर स्थित 850 मेगावाट की 'रन आफ द रिवर' परियोजना है। अत: कथन 3 सही नहीं है।
- चिनाब नदी का उद्गम भारत के हिमाचल प्रदेश के लाहुल एवं स्पीति ज़िले में ऊपरी हिमालय के बारालाचा-ला दर्रे के पास से होता है।
- चिनाब नदी हिमाचल प्रदेश के लाहुल एवं स्पीति ज़िले के तांडी में दो नदियों चंद्र एवं भागा के संगम से बनती है। **अत: कथन 1 सही है।**
  - भागा नदी सूर्या ताल झील से निकलती है जो हिमाचल प्रदेश में बारालाचा-ला दर्रे के पास अवस्थित है। **अत: कथन 2 सही है।**
  - चंद्र नदी का उद्गम बारालाचा-ला दर्रे (चंद्र ताल के पास) के पूर्व के ग्लेशियरों से होता है।
- चिनाब नदी भारत-पाकिस्तान होकर बहने वाली एक प्रमुख नदी है और पंजाब क्षेत्र की 5 प्रमुख नदियों में शामिल है।

**35. उत्तर.A**

**व्याख्या:**

- सरकार द्वारा मानसून सत्र के दौरान प्रश्नकाल को निलंबित कर दिया गया था, इसे संसद का बजट सत्र पूरा होने पर फिर से शुरू किया जाएगा।
- संसद सत्र आहूत करने का प्रावधान संविधान के अनुच्छेद-85 में निर्दिष्ट है। **अत: कथन 1 सही है।**
- यह निर्णय संसदीय मामलों की कैबिनेट समिति द्वारा लिया जाता है, जिसे राष्ट्रपति द्वारा औपचारिक रूप दिया जाता है, तथा सांसदों को सत्र के लिये बुलाया जाता है।
- भारत में कोई निश्चित संसदीय कैलेंडर नहीं है। संसद के एक वर्ष में तीन सत्र होते हैं।
- सत्र आहूत करने के लिये राष्ट्रपति संसद के प्रत्येक सदन को समय-समय पर सम्मन जारी करता है।
- परंतु संसद के दोनों सत्रों के मध्य अधिकतम अंतराल 6 माह से ज़्यादा का नही होना चाहिये। अर्थात् संसद को कम-से-कम वर्ष में दो बार मिलना चाहिये। अत: कथन 2 सही नहीं है।
- बजट सत्र: सबसे लंबा बजट सत्र (पहला सत्र) जनवरी के अंत में शुरू होता है और अप्रैल के अंत या मई के पहले सप्ताह में समाप्त हो जाता है। बजट सत्र के दौरान एक अवकाश होता है ताकि संसदीय समितियाँ बजटीय प्रस्तावों पर चर्चा कर सकें।
- मानसून सत्र: दूसरा सत्र तीन सप्ताह का मानसून सत्र होता है, जो आमतौर पर जुलाई माह में शुरू होता है और अगस्त में खत्म होता है।
- शीतकालीन सत्र: शीतकालीन सत्र यानी तीसरे सत्र का आयोजन नवंबर से दिसंबर तक किया जाता है।

**36. उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (Defence Research and Development Organisation- DRDO) ने स्वदेश में निर्मित स्मार्ट एंटी एयरफील्ड वेपन (Smart Anti-Airfield Weapon- SAAW) का सफल 'कैप्टिव एंड रिलीज़' उड़ान परीक्षण किया है। यह परीक्षण हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (HAL) के हॉक-I विमान के ज़रिये किया गया। **अत: कथन 1 सही है।**
- DRDO द्वारा पिछले पाँच वर्षों में किये गए परीक्षणों की श्रृंखला में SAAW का यह नौवाँ सफल परीक्षण था।
- यह प्रणाली ग्लाइड बम श्रेणी से संबंधित है और इसका विकास 2012-13 के आस-पास भारतीय वायु सेना (Indian Air Force-IAF) से महत्त्वपूर्ण आदानों के साथ शुरू हुआ। पहली बार इसका परीक्षण वर्ष 2016 में किया गया था।
- इसे ज़मीनी लक्ष्यों, विशेष रूप से प्रतिकूल एयरफील्ड बुनियादी ढाँचों या रणनीतिक रूप से महत्त्वपूर्ण अन्य प्रतिष्ठानों पर हमला करने के लिये डिज़ाइन किया गया है। **अत: कथन 2 सही है।**

नोट :

- यह 125 किलोग्राम वज़न श्रेणी का स्मार्ट वेपन है जो स्थल पर स्थित शत्रु की एयरफील्ड संपत्तियों जैसे- रडार, बंकर, टैक्सी ट्रैक और रनवे को 100 किलोमीटर की दूरी से निशाना बना सकता है।

**37. उत्तर: A**

**व्याख्या**

- जनवरी 2021 में देश के एकमात्र संयुक्त बल कमान के रूप में अंडमान एवं निकोबार कमान (ANC) के तहत त्रिस्तरीय सेना के संसाधनों को मिलाकर एक वृहद् संयुक्त सैन्य अभ्यास 'अभ्यास कवच' (Exercise Kavach) का संचालन किया जाएगा।
- इस अभ्यास में भारतीय सेना, नौसेना, वायुसेना एवं तटरक्षक बल भाग लेंगे। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- अंडमान और निकोबार कमांड (ANC) जिसका मुख्यालय पोर्ट ब्लेयर है, में पहला इंटीग्रेटेड थिएटर कमांड (Integrated Theatre Command) है। **अतः कथन 2 सही है।**
- तटीय सुरक्षा के लिये अन्य अभ्यास:
- अभ्यास सी-विज़िल।
- ट्रॉपेक्स (Theatre-level Readiness Operational Exercise) का आयोजन भारतीय नौसेना द्वारा प्रत्येक दो वर्ष में किया जाता है। **अतः कथन 3 सही है।**

**38. उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- भारत के उपराष्ट्रपति ने हाल ही में श्री नारायण गुरु (Sree Narayana Guru) की कविताओं का अंग्रेज़ी अनुवाद, "नॉट मैनी, बट वन" (Not Many, But One) लॉन्च किया है।
- श्री नारायण गुरु का दर्शन:
- श्री नारायण गुरु बहुमुखी प्रतिभा के धनी, महान महर्षि, अद्वैत वेदांत दर्शन के प्रबल प्रस्तावक, कवि और एक महान आध्यात्मिक व्यक्ति थे। अतः कथन 1 सही है।
- साहित्यिक रचनाएँ:
- उन्होंने विभिन्न भाषाओं में अनेक पुस्तकें लिखीं। उनमें से कुछ प्रमुख हैं: अद्वैत दीपिका, असरमा, थिरुकुरल, थेवरप्पाथिंकंगल आदि।
- राष्ट्रीय आंदोलन में योगदान:
- वह एक उल्लेखनीय समाज सुधारक थे तथा मंदिरों में सभी के प्रवेश का समर्थन के लिये चलाए गए आंदोलनों में सबसे आगे थे और अछूतों के प्रति सामाजिक भेदभाव की विचारधारा के खिलाफ थे।
- उन्होंने वायकोम आंदोलन के लिये प्रेरणा प्रदान की जिसका उद्देश्य त्रावणकोण के मंदिरों में निम्न जाति के लोगों मंदिरों में प्रवेश की अनुमति दिलाना था। **अतः कथन 2 सही है।**
- उन्होंने अपनी कविताओं में भारतीयता के सार को जोड़ा, जिसने विश्व की स्पष्ट विविधता के तहत एकता को उजागर किया।

**39. उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- हाल ही में भारत ने एक नया आर्कटिक नीति मसौदा तैयार किया है, जिसका उद्देश्य आर्कटिक क्षेत्र में वैज्ञानिक अनुसंधान, स्थायी पर्यटन और खनिज तेल एवं गैस की खोज को बढ़ावा देना है।
- भारत ने आर्कटिक में घरेलू वैज्ञानिक अनुसंधान क्षमताओं को बढ़ावा देने और विभिन्न वैज्ञानिक निकायों के बीच समन्वय हेतु वैज्ञानिक अनुसंधान का नेतृत्त्व करने के लिये गोवा स्थित नेशनल सेंटर फॉर पोलर एंड ओशन रिसर्च (NCPOR) को एक नोडल निकाय के रूप में नामित किया है। **अतः कथन 2 सही है।**
- NCPOR की स्थापना 25 मई, 1998 को पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के एक स्वायत्त अनुसंधान और विकास संस्थान के रूप में की गई थी। **अतः कथन 1 सही है।**
- यह ध्रुवीय और दक्षिणी महासागर क्षेत्र में देश की अनुसंधान गतिविधियों को कार्यान्वित करता है।

**40. उत्तर: D**

**व्याख्या:**

- केंद्र सरकार ने 23 जनवरी के दिन नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती को 'पराक्रम दिवस' के रूप में मनाने का निर्णय लिया है।
- उन्होंने बिना शर्त स्वराज (Unqualified Swaraj) अर्थात् स्वतंत्रता का समर्थन किया और मोतीलाल नेहरू रिपोर्ट का विरोध किया जिसमें भारत के लिये डोमिनियन (अधिराज्य) के दर्जे की बात कही गई थी। **अत: कथन 1 सही है।**
- उन्होंने वर्ष 1930 के नमक सत्याग्रह में सक्रिय रूप से भाग लिया और वर्ष 1931 में सविनय अवज्ञा आंदोलन के निलंबन तथा गांधी-इरविन समझौते पर हस्ताक्षर करने का विरोध किया। **अत: कथन 2 सही है।**
- बोस ने वर्ष 1938 में हरिपुरा में कॉन्ग्रेस के अध्यक्ष का चुनाव जीता। **अत: कथन 3 सही है।**
- इसके पश्चात् वर्ष 1939 में उन्होंने त्रिपुरी में गांधी जी द्वारा समर्थित उम्मीदवार पट्टाभि सीतारमैय्या के विरुद्ध पुन: अध्यक्ष पद का चुनाव जीता।

**41. उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- त्रिपुरा की राज्य सरकार का लक्ष्य वहाँ के पारंपरिक परिधान रिसा (Risa) को राष्ट्रीय स्तर पर त्रिपुरा के विशिष्ट परिधान (Tripura's Signature Garment) के रूप में बढ़ावा देना है।
- रिसा के संबंध में:
- रिसा हाथ से बना एक कपड़ा है जिसका इस्तेमाल महिलाएँ शरीर के ऊपरी हिस्से को ढकने के लिये करती हैं। **अत: कथन 1 सही है।**
- पारंपरिक त्रिपुरी पोशाक के तीन हिस्से होते हैं- रिसा, रिग्नयी और रिकुतु।
  - रिग्नयी: इसे मुख्य रूप से शरीर के निचले परिधान के रूप में जाना जाता है। इसका शाब्दिक अर्थ है 'पहनने के लिये'। इसे भारत के मुख्य परिधान 'साड़ी' की स्वदेशी किस्म के रूप में समझा जा सकता है।
  - रिकुतु: रिकुतु से शरीर के ऊपरी हिस्से को साड़ी की तरह ढकते हैं। रिकुतु का प्रयोग भारतीय साड़ी की चुनरी या पल्लू के तौर पर भी किया जाता है।
- कभी-कभी रिसा का उपयोग किसी व्यक्ति को टोपी या स्टोल देकर उसके प्रति सम्मान व्यक्त करने के लिये भी किया जाता है।
- त्रिपुरा की 12 से 14 वर्ष की किशोर लड़कियों को सबसे पहले रिसा को रिसा नामक कार्यक्रम में पहनने के लिये दिया जाता है।
- रिसा का उपयोग पुरुषों द्वारा शादी और त्योहारों के दौरान पगड़ी के रूप में भी किया जाता है।
- इसका प्रयोग आदिवासी समुदायों द्वारा धार्मिक महोत्सव जैसे गरिया पूजा में किया जाता है।
  - गरिया पूजा महोत्सव
- यह त्रिपुरा का एक प्रमुख महोत्सव है, जिसका आयोजन चैत्र महीने के अंतिम दिन किया जाता है।
- यह त्रिपुरा की नृजातीय जनजातियों- त्रिपुरी और रींगस द्वारा एक फसल उत्सव के रूप में मनाया जाता है। **अत: कथन 2 सही है।**

**42. उत्तर: D**

**व्याख्या:**

राष्ट्रपति की वीटो पॉवर:

- संविधान का अनुच्छेद 111 यह निर्दिष्ट करता है कि राष्ट्रपति या तो विधेयक पर हस्ताक्षर कर सकते हैं या अपनी सहमति को रोक सकते हैं। **अत: कथन A सही है।**
- भारतीय राष्ट्रपति तीन प्रकार के वीटो पॉवर का उपयोग कर सकते हैं: (1) आत्यंतिक वीटो, (2) निलंबनकारी वीटो और (3) पॉकेट वीटो।
- अपवाद: संविधान संशोधन विधेयक को लेकर राष्ट्रपति के पास कोई भी वीटो शक्ति नहीं है। **अत: कथन C सही है।**

नोट :

निलंबनकारी वीटो

- अर्थ: राष्ट्रपति इस वीटो का प्रयोग तब करता है जब वह किसी विधेयक को संसद के पुनर्विचार हेतु लौटा देता है।
- यदि संसद उस विधेयक को पुन: किसी संशोधन के बिना अथवा संशोधन के साथ पारित कर राष्ट्रपति के पास भेजती है तो राष्ट्रपति उस पर अपनी स्वीकृति देने के लिये बाध्य है।
- अपवाद: राष्ट्रपति द्वारा धन विधेयक के संबंध में 'निलंबनकारी वीटो' की शक्ति का प्रयोग नहीं किया जा सकता है। **अत: कथन B सही है।**

पॉकेट वीटो

- अर्थ: इस मामले में राष्ट्रपति संसद द्वारा पारित विधेयक पर न तो अपनी सहमति देता है, न उसे अस्वीकृत करता है और न ही लौटता है, किंतु एक अनिश्चितकाल के लिये विधेयक को लंबित कर सकता है। **अत: कथन D सही नहीं है।**

**43. उत्तर: D**

**व्याख्या:**

सीमित देयता भागीदारी: यह एक भागीदारी है जिसमें कुछ या सभी भागीदारों (क्षेत्राधिकार के आधार पर) की सीमित देयताएँ होती हैं।

- किसी LLP में एक भागीदार, दूसरे भागीदार के कदाचार या लापरवाही के लिये ज़िम्मेदार नहीं होता है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- भागीदारों में परिवर्तन के बावजूद LLP अपने अस्तित्व को जारी रख सकता है। यह अनुबंधों को स्वीकार करने और अपने नाम पर संपत्ति का स्वामित्त्व रखने में सक्षम है।
- LLP एक पृथक विधिक इकाई है। यह अपनी संपत्ति को पूरी क्षमता तक बढ़ाने के लिये उत्तरदायी है लेकिन LLP में भागीदारों की देयता इनके स्वीकृत योगदान तक सीमित है।
- प्रत्येक भागीदार अन्य सभी भागीदारों के साथ संयुक्त रूप से और फर्म के सभी कार्यों के लिये व्यक्तिगत रूप से "पारंपरिक भागीदारी फर्म" के तहत उत्तरदायी होता है, जब तक वह एक भागीदार है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**

**44. उत्तर: C**

**व्याख्या**

- ग्रीन बॉण्ड ऋण प्राप्ति का एक साधन है जिसके माध्यम से 'हरित परियोजनाओं' के लिये धन जुटाया जाता है, यह मुख्यत: नवीकरणीय ऊर्जा, स्वच्छ परिवहन, स्थायी जल प्रबंधन आदि से संबंधित होता है। **अत: कथन 1 सही है।**
- बॉण्ड जो कि आय का एक निश्चित साधन होता है, एक निवेशक द्वारा उधारकर्त्ता (आमतौर पर कॉर्पोरेट या सरकारी) को दिये गए ऋण का प्रतिनिधित्व करता है।
- पारंपरिक बॉण्ड (ग्रीन बॉण्ड के अलावा अन्य बॉण्ड) द्वारा निवेशकों को एक निश्चित ब्याज दर (कूपन) का भुगतान किया जाता है।
- भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (Securities and Exchange Board of India- SEBI) द्वारा ग्रीन बॉण्ड जारी करने एवं इन्हें सूचीबद्ध करने हेतु पारदर्शी मानदंडों को लागू किया गया है।
- आमतौर पर वाणिज्यिक बैंकों द्वारा दिये जाने वाले ऋण की तुलना में ग्रीन बॉण्ड पर कम ब्याज लिया जाता है।हरित निवेश विदेशी निवेशकों को आकर्षित करने के साथ-साथ पूंजी जुटाने की लागत को कम करने में मदद कर सकता है।
- ग्रीन बॉण्ड अक्षय ऊर्जा जैसे सनराइज़ सेक्टर के वित्तपोषण को बढ़ाने में महत्त्वपूर्ण रहे हैं, इस प्रकार यह भारत के सतत् विकास में योगदान देते हैं। **अत: कथन 2 सही है।**
- सनराइज़ उद्योग एक ऐसे क्षेत्र के लिये इस्तेमाल किया जाने वाला शब्द है जो अभी अपनी प्रारंभिक अवस्था में है परंतु जिसमे भविष्य में तेजी से उछाल देखा जाता है।
- इस क्षेत्र के बारे में जागरूकता और निवेशक इस क्षेत्र में दीर्घकालिक विकास संभावनाओं को आकर्षित करते हैं।

**45. उत्तर: ( C )**

**व्याख्या**

- हाल ही में केंद्रीय जनजातीय कार्य मंत्रालय ने प्रवासी श्रमिकों के लिये राज्य और राष्ट्रीय स्तर के कार्यक्रमों के निर्माण को सुचारु बनाने के लिये एक राष्ट्रीय प्रवासन सहायता पोर्टल- 'श्रमशक्ति' शुरू किया है।

- उद्देश्य: इस पोर्टल की शुरुआत आदिवासी प्रवासी श्रमिकों से संबंधित डेटा एकत्र करने और उस डेटा को मौजूदा कल्याणकारी योजनाओं से जोड़ने के लिये की गई है। **अतः कथन 1 सही है।**
- यह एक बाज़ार आधारित आदिवासी उद्यमिता विकास कार्यक्रम है, जिसका उद्देश्य आदिवासी स्वयं सहायता समूहों (SHGs) का क्लस्टर बनाना और उन्हें जनजातीय उत्पादक कंपनियों के रूप में विकसित करना है। **अतः कथन 2 सही है।**

**46. उत्तर: C**

**व्याख्या:**

व्यापार और विकास पर संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन (UNCTAD):

- स्थापना:
- UNCTAD, एक स्थायी अंतर सरकारी निकाय है। इसके स्थापना वर्ष 1964 में की गई थी।
- मुख्यालय:
- UNCTAD का मुख्यालय जिनेवा (स्विट्ज़रलैंड) में स्थित है।
- उद्देश्य:
- यह विश्व अर्थव्यवस्था में विकासशील देशों के विकास अनुकूल एकीकरण को बढ़ावा देता है।
- प्रकाशित रिपोर्ट:
- व्यापार और विकास रिपोर्ट (Trade and Development Report)
- निवेश रुझान मॉनिटर रिपोर्ट (Investment Trends Monitor Report)
- विश्व निवेश रिपोर्ट (World Investment Report)
- अल्प विकसित देश रिपोर्ट (The Least Developed Countries Report)
- सूचना एवं अर्थव्यवस्था रिपोर्ट (Information and Economy Report)
- प्रौद्योगिकी एवं नवाचार रिपोर्ट (Technology and Innovation Report)
- वस्तु तथा विकास रिपोर्ट (Commodities and Development Report) **अतः विकल्प C सही है।**

**47. उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय आठ वर्ष से पुराने वाहनों पर उनके फिटनेस प्रमाण पत्र के नवीनीकरण के समय एक हरित कर (रोड टैक्स की 10% से 25% दर तक) लगाएगा। **अतः कथन 1 सही है**
- हरित कर से एकत्रित राजस्व को एक अलग खाते में रखा जाएगा और इसका उपयोग केवल प्रदूषण से निपटने के लिये किया जाएगा।
- मज़बूत हाइब्रिड, इलेक्ट्रिक वाहन और वैकल्पिक ईंधन जैसे कि सीएनजी, इथेनॉल और एलपीजी द्वारा संचालित और खेती में उपयोग किये जाने वाले वाहनों, जैसे- ट्रैक्टर, हार्वेस्टर और टीलर आदि को हरित कर से छूट दी जाएगी। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- भेदकारी कर व्यवस्था:
- निजी वाहनों से 15 वर्ष बाद पंजीकरण प्रमाणन के नवीनीकरण के समय हरित कर वसूला जाना प्रस्तावित है।
- सार्वजनिक परिवहन वाहनों जैसे- सिटी बसों पर कम हरित कर लगाया जाएगा।
- अत्यधिक प्रदूषित शहरों में पंजीकृत वाहनों पर उच्च हरित कर (रोड टैक्स का 50%) लगाया जाएगा।
- ईंधन (पेट्रोल/डीज़ल) और वाहन के प्रकार के आधार पर भी अंतर किया जाएगा।

**48. उत्तर: C**

**व्याख्या**

- पारगमन उन्मुख विकास (Transit Oriented Development) की अवधारणा पर नई दिल्ली रेलवे स्टेशन (New Delhi Railway Station- NDLS) का पुनर्विकास किया जाना NCR में इस प्रकार की पहली परियोजना है।

नोट :

- अनुमोदन का प्राधिकार: यह परियोजना रेल भूमि विकास प्राधिकरण (Rail Land Development Authority- RLDA) द्वारा अनुमोदित है। **अत: कथन 2 सही है।**
- RLDA रेल मंत्रालय के अधीन एक वैधानिक/सांविधिक निकाय है। इस प्राधिकरण का कार्य खाली पड़ी रेलवे भूमि पर विकास कार्य करना है। **अत: कथन 1 सही है।**
- पारगमन-उन्मुख विकास का आशय भूमि उपयोग और परिवहन की योजना को एकीकृत करना है। इसका उद्देश्य अत्यधिक जनसंख्या घनत्व वाले शहरों को योजनाबद्ध तरीके से धारणीय शहरी विकास केंद्रों के रूप में विकसित करना है।

**49. उत्तर: (C)**

**व्याख्या**

हाल ही में अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (IMF) ने अपनी नवीनतम 'वर्ल्ड इकोनॉमिक आउटलुक' रिपोर्ट में अनुमान लगाया है कि वित्तीय वर्ष 2021-22 में भारत के सकल घरेलू उत्पाद (GDP) में तकरीबन 11.5 प्रतिशत की बढ़ोतरी हो सकती है। **अत: कथन 1 सही है।**

- IMF की स्थापना द्वितीय विश्व युद्ध के पश्चात् युद्ध प्रभावित देशों के पुनर्निमाण में सहायता के लिये विश्व बैंक (World Bank) के साथ की गई थी। **अत: कथन 2 सही है।**
- इन दोनों संगठनों की स्थापना के लिये अमेरिका के ब्रेटन वुड्स में आयोजित एक सम्मेलन में सहमति बनी। इसलिये इन्हें 'ब्रेटन वुड्स ट्विन्स' (Bretton Woods Twins) के नाम से भी जाना जाता है।
- वर्ष 1945 में स्थापित IMF विश्व के 189 देशों द्वारा शासित है तथा यह अपने निर्णयों के लिये इन देशों के प्रति उत्तरदायी भी है। भारत 27 दिसंबर, 1945 को IMF में शामिल हुआ था।
- IMF का प्राथमिक उद्देश्य अंतर्राष्ट्रीय मौद्रिक प्रणाली की स्थिरता सुनिश्चित करना है। अंतर्राष्ट्रीय मौद्रिक प्रणाली से आशय विनिमय दरों और अंतर्राष्ट्रीय भुगतान की उस प्रणाली से है जो देशों (और उनके नागरिकों) को एक-दूसरे के साथ लेन-देन करने में सक्षम बनाती है।
- IMF के अधिदेश में वैश्विक स्थिरता से संबंधित सभी व्यापक आर्थिक और वित्तीय मुद्दों को शामिल करने के लिये वर्ष 2012 में इसे अद्यतन/अपडेट किया गया था।
- IMF द्वारा जारी महत्त्वपूर्ण रिपोर्ट:
- वैश्विक वित्तीय स्थिरता रिपोर्ट (Global Financial Stability Report-GFSR)

**50. उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- वर्ष 2021 के लिये पद्म पुरस्कारों की घोषणा 72वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर की गई।
- पद्म विभूषण, पद्म पुरस्कारों के पदानुक्रम में सर्वोच्च सम्मान है और इसके बाद 'पद्म भूषण' और 'पद्म श्री' आते हैं। अत: कथन 1 सही नहीं है।
- ये पुरस्कार विभिन्न विषयों/गतिविधियों के क्षेत्रों, जैसे- कला, सामाजिक कार्य, सार्वजनिक मामलों, विज्ञान और इंजीनियरिंग, व्यापार तथा उद्योग, चिकित्सा, साहित्य एवं शिक्षा, खेल, सिविल सेवा आदि में दिये जाते हैं।
- इन पुरस्कारों को पद्म पुरस्कार समिति द्वारा की गई सिफारिशों के आधार पर प्रदान किया जाता है, इस समिति को प्रति वर्ष भारतीय प्रधानमंत्री द्वारा गठित किया जाता है। **अत: कथन 2 सही है।**

**51. उत्तर: D**

**व्याख्या:**

- कान्हा टाइगर रिज़र्व मध्य प्रदेश के दो ज़िलों- मंडला (Mandla) और बालाघाट (Balaghat) में 940 वर्ग किमी. के क्षेत्र में फैला हुआ है।
- कान्हा राष्ट्रीय उद्यान मध्य भारत का सबसे बड़ा राष्ट्रीय उद्यान है।
- मध्य प्रदेश का राजकीय पशु- हार्ड ग्राउंड बारहसिंगा या स्वैम्प डियर (Swamp deer or Rucervus duvaucelii) विशेष रूप से कान्हा टाइगर रिज़र्व में पाया जाता है। **अत: कथन 1 और 2 सही है।**

नोट :

- अन्य प्रजातियों में टाइगर, तेंदुआ, भालू, गौर और भारतीय अजगर आदि शामिल हैं।
- यह भारत में आधिकारिक शुभंकर, "भूरसिंह द बारहसिंगा" (Bhoorsingh the Barasingha) का पहला टाइगर रिज़र्व है।
- भारतीय उपमहाद्वीप में बारहसिंगा/स्वैम्प डियर की तीन उप-प्रजातियाँ पाई जाती हैं। जो इस प्रकार हैं:
- वेस्टर्न स्वैम्प डियर
- साउथन स्वैम्प डियर/हार्ड ग्राउंड बारहसिंगा
- इस्टर्न स्वैम्प डियर
- स्वैम्प डियर की संरक्षण स्थिति:
- IUCN की रेड लिस्ट: सुभेद्य
- CITES: परिशिष्ट I
- वन्यजीव संरक्षण अधिनियम, 1972: अनुसूची I

**52. उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- साइबर हमला किसी कंप्यूटर और कंप्यूटर नेटवर्क के अनधिकृत उपयोग तथा उसे उजागर करने, बदलने, अक्षम करने, नष्ट करने, चोरी करने या उस तक अनधिकृत पहुँच प्राप्त करने का प्रयास है।
- साइबर हमला किसी भी प्रकार की ऐसी आक्रामक युक्ति है जो कंप्यूटर सूचना प्रणाली, इन्फ्रास्ट्रक्चर, कंप्यूटर नेटवर्क या व्यक्तिगत कंप्यूटर उपकरणों को लक्षित करती है।

साइबर हमले के तरीके-

- फिशिंग या स्पूफिंग हमले:
- स्पूफिंग में हमलावर अपनी असल पहचान को छिपाकर खुद को एक विश्वसनीय स्रोत के रूप में प्रस्तुत करते हैं अर्थात् वह वैध उपयोगकर्त्ता की पहचान का उपयोग करने की कोशिश करता है। फिशिंग वह प्रक्रिया है जिसमें कोई व्यक्ति उपयोगकर्त्ता की संवेदनशील जानकारी जैसे- बैंक खाता विवरण आदि को चुराता है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- मैलवेयर या स्पाइवेयर:
- स्पाइवेयर एक प्रकार का मैलवेयर है जो डिज़िटल डिवाइस जैसे- कंप्यूटर, मोबाइल, टेबलेट आदि से गुप्त एवं निजी जानकारियाँ चुराता है। यह जीमेल अकाउंट, बैंक डिटेल्स, सोशल मीडिया से लेकर टेक्स्ट मैसेज जैसी गतिविधियों पर नज़र रखता है एवं वहाँ से डेटा चोरी कर अपने ऑपरेटर तक पहुँचाता है।
- सिम स्वैप (SIM Swap):
- इसमें मूल सिम का एक क्लोन बनाकर मूल सिम को अमान्य कर दिया जाता है और डुप्लिकेट सिम का उपयोग उपयोगकर्त्ता के ऑनलाइन बैंक खाते से धनराशि स्थानांतरित करने के लिये किया जा सकता है।

अंतर्राष्ट्रीय तंत्र:

- अंतर्राष्ट्रीय दूरसंचार संघ (ITU): यह संयुक्त राष्ट्र की एक विशेष एजेंसी है जो दूरसंचार और साइबर सुरक्षा मुद्दों के मानकीकरण तथा विकास में अग्रणी भूमिका निभाती है। **अतः कथन 2 सही है।**
- साइबर अपराध पर बुडापेस्ट अभिसमय: बुडापेस्ट कन्वेंशन साइबर क्राइम पर एक कन्वेंशन है, जिसे साइबर अपराध पर बुडापेस्ट कन्वेंशन या बुडापेस्ट कन्वेंशन के नाम से जाना जाता है।
    - यह अपनी तरह की पहली ऐसी अंतर्राष्ट्रीय संधि है जिसके अंतर्गत राष्ट्रीय कानूनों को सुव्यवस्थित कर जाँच-पड़ताल की तकनीकों में सुधार करने तथा इस संबंध में विश्व के अन्य देशों के बीच सहयोग बढ़ाने हेतु इंटरनेट और कंप्यूटर अपराधों पर रोक लगाने की मांग की गई है। यह 1 जुलाई, 2004 को लागू हुआ। भारत इस सम्मेलन का हस्ताक्षरकर्त्ता नहीं है। **अतः कथन 3 सही है।**
- इंटरनेट गवर्नेंस फोरम (IGF): यह इंटरनेट गवर्नेंस डिबेट पर सभी हितधारकों यानी सरकार, निजी क्षेत्र और नागरिक समाज को एक साथ लाता है।

नोट :

**53. उत्तर: ( C )**

**व्याख्या**

- हाल ही में प्रमुख स्वतंत्रता सेनानी गोविंद बल्लभ पंत की प्रतिमा का अनावरण नई दिल्ली के पंडित पंत मार्ग पर किया गया है।
- यह मूर्ति पहले रायसीना रोड सर्कल के पास स्थित थी, जिसे यहाँ से स्थानांतरित किया गया है क्योंकि यह 'नए संसद भवन' की संरचना के भीतर आ रही थी।
- गोविंद बल्लभ पंत दिसंबर 1921 में कॉन्ग्रेस में शामिल हुए और जल्द ही असहयोग आंदोलन का हिस्सा बन गए। वर्ष 1930 में गांधी जी के कार्यों से प्रेरित होकर 'नमक मार्च' का आयोजन करने के कारण उन्हें कैद कर लिया गया। **अतः कथन 1 सही है।**
- सरकार में रहते हुए उन्होंने ज़मींदारी प्रथा को समाप्त करने के उद्देश्य से कई सुधार किये।
- उन्होंने देश भर में कुटीर उद्योगों को प्रोत्साहित किया और कुली-भिक्षुक कानून का भी विरोध किया, जिसके तहत कुली और भिक्षुकों को बिना किसी पारिश्रमिक के ब्रिटिश अधिकारियों का भारी सामान ढोने के लिये मज़बूर किया जाता था।
- गोविंद बल्लभ पंत सदैव अल्पसंख्यक समुदाय के लिये एक अलग निर्वाचक मंडल के खिलाफ रहे, वे मानते थे कि यह कदम समुदायों को विभाजित करेगा। **अतः कथन 2 सही है।**

**54. उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- IEA एक स्वायत्त अंतर-सरकारी संगठन है। इसकी स्थापना (वर्ष 1974 में) वर्ष 1973 के तेल संकट के बाद आर्थिक सहयोग और विकास संगठन (OECD) के फ्रेमवर्क के तहत हुई थी। **अतः कथन 1 सही है।**
- समय के साथ IEA के जनादेश को प्रमुख वैश्विक ऊर्जा रुझानों पर नज़र रखने और उनका विश्लेषण करने, ध्वनि ऊर्जा नीति को बढ़ावा देने और बहुराष्ट्रीय ऊर्जा प्रौद्योगिकी सहयोग को प्रोत्साहित करने के लिये विस्तारित किया गया है।
- इसका लक्ष्य अपने सदस्य देशों के लिये विश्वसनीय, सस्ती और स्वच्छ ऊर्जा सुनिश्चित करना है।
- कार्यक्षेत्र के प्रमुख बिंदु: इसका लक्ष्य चार मुख्य क्षेत्रों (4E) द्वारा निर्देशित है-
- ऊर्जा सुरक्षा
- आर्थिक विकास
- पर्यावरणीय जागरूकता एवं,
- विश्व को सहयोगी के तौर पर शामिल करना
- मुख्यालय (सचिवालय): पेरिस (फ्राँस)
- स्वच्छ ऊर्जा संक्रमण कार्यक्रम को नवंबर 2017 में लॉन्च किया गया था, IEA का स्वच्छ ऊर्जा संक्रमण कार्यक्रम वैश्विक स्वच्छ ऊर्जा संक्रमण में तेज़ी लाने का एक प्रयास है। **अतः कथन 2 सही है।**

**55. उत्तर: A**

**व्याख्या :**

- सर्वोच्च न्यायालय और उच्च न्यायालयों के न्यायाधीशों की नियुक्ति के संदर्भ में वर्ष 1993 के दूसरे न्यायाधीश मामले (Second Judges Case) में सर्वोच्च न्यायालय ने कॉलेजियम प्रणाली की शुरुआत के साथ यह स्पष्ट किया कि "परामर्श" का अर्थ वास्तव में "सहमति" है।
- इस मामले में सर्वोच्च न्यायालय ने आगे कहा कि यह CJI की व्यक्तिगत राय नहीं होगी, बल्कि सर्वोच्च न्यायालय के दो वरिष्ठतम न्यायाधीशों के परामर्श से ली गई एक संस्थागत राय होगी।
- तीसरा न्यायाधीश मामला (Third Judges Case- 1998):वर्ष 1998 में पूर्व राष्ट्रपति के.आर. नारायणन द्वारा जारी एक प्रेज़िडेंशियल रेफरेंस (Presidential Reference) के बाद सर्वोच्च न्यायालय ने पाँच सदस्यीय निकाय के रूप में कॉलेजियम का विस्तार किया, जिसमें CJI और उनके चार वरिष्ठतम सहयोगी शामिल होंगे।
- उच्च न्यायपालिका के न्यायाधीशों की नियुक्ति कॉलेजियम प्रणाली के माध्यम से ही की जाती है और इस प्रक्रिया में सरकार की भूमिका कॉलेजियम द्वारा नाम तय किये जाने के बाद की प्रक्रिया में ही होती है।

- कॉलेजियम प्रणाली को 'राष्ट्रीय न्यायिक नियुक्ति आयोग' (National Judicial Appointments Commission) द्वारा प्रतिस्थापित करने के प्रयास को वर्ष 2015 में अदालत द्वारा इस आधार पर खारिज कर दिया गया था कि इससे न्यायपालिका की स्वतंत्रता के लिये खतरा उत्पन्न हो सकता है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- अनुच्छेद 124 (2): भारतीय संविधान के अनुच्छेद 124 (2) के प्रावधानों के अनुसार, सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीशों की नियुक्ति राष्ट्रपति द्वारा सर्वोच्च न्यायालय और राज्यों में उच्च न्यायालयों के कुछ न्यायाधीशों (राष्ट्रपति इस उद्देश्य के लिये जितने न्यायाधीशों के परामर्श को उपयुक्त समझे) के परामर्श के बाद की जाएगी।
- अनुच्छेद 217: भारतीय संविधान के अनुच्छेद 217 के प्रावधानों के अनुसार, एक उच्च न्यायालय के न्यायाधीश की नियुक्ति भारत के राष्ट्रपति द्वारा CJI, संबंधित राज्य के राज्यपाल के परामर्श और मुख्य न्यायाधीश के अलावा अन्य न्यायाधीश की नियुक्ति के मामले में उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश से परामर्श के बाद की जाएगी। **अत: कथन 2 सही है।**

**56. उत्तर: D**

**व्याख्या:**

हाल ही में टाटा ट्रस्ट ने सेंटर फॉर सोशल जस्टिस, कॉमन कॉज़, दक्ष (DAKSH), विधि सेंटर फॉर लीगल पॉलिसी और राष्ट्रमंडल मानव अधिकार पहल के सहयोग से इंडिया जस्टिस रिपोर्ट-2020 (India Justice Report-2020) जारी की है।

- यह रिपोर्ट विभिन्न राज्यों की न्याय करने की क्षमता का आकलन करती है।
- समग्र रैंकिंग न्याय वितरण प्रणाली के चार स्तंभों- न्यायपालिका, पुलिस, जेल और कानूनी सहायता में राज्य की रैंकिंग को दर्शाती है। **अत: कथन 1 सही है।**
- 18 राज्यों में महाराष्ट्र लगातार दूसरी बार शीर्ष स्थान पर रहा, उसके बाद तमिलनाडु और तेलंगाना थे तथा सबसे अंतिम स्थान पर उत्तर प्रदेश रहा।
- छोटे राज्यों में गोवा शीर्ष स्थान पर कायम रहा और सबसे निचले स्थान पर अरुणाचल प्रदेश रहा।
- पुलिस बल में महिला अनुपात:
- बिहार राज्य पुलिस बल में 25.3% महिलाओं को रोजगार देने के साथ 25 राज्यों की सूची में शीर्ष पर है।
  - पुलिस बल में 20% से अधिक महिलाओं की भागीदारी वाला यह एकमात्र राज्य है। हालाँकि अधिकारी श्रेणी में केवल 6.1% महिलाएँ हैं।
- तमिलनाडु में महिला पुलिस अधिकारियों का उच्चतम प्रतिशत (24.8%) है, इसके बाद मिज़ोरम (20.1%) का स्थान है। **अत: कथन 2 सही है।**
- न्यायपालिका में महिला अनुपात:
- कुल मिलाकर देश भर के उच्च न्यायालयों में केवल 29% न्यायाधीश महिलाएँ हैं, लेकिन सिक्किम को छोड़कर किसी भी राज्य में 20% से अधिक महिला न्यायाधीश नहीं हैं।
- चार राज्यों- बिहार, उत्तराखंड, त्रिपुरा और मेघालय उच्च न्यायालयों में कोई महिला न्यायाधीश नहीं है। **अत: कथन 3 सही है।**

**57. उत्तर.C**

**व्याख्या:**

- हाल ही में पाकिस्तान ने बासमती (Basmati) चावल को अपने भौगोलिक संकेतक अधिनियम, 2020 के तहत भौगोलिक संकेत (Geographical Indication- GI) का टैग दिया है।
- अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर GI का विनियमन विश्व व्यापार संगठन (WTO) के बौद्धिक संपदा अधिकारों के व्यापार संबंधी पहलुओं (Trade-Related Aspects of Intellectual Property Rights-TRIPS) पर समझौते के तहत किया जाता है। **अत: कथन 1 सही है।**
- वहीं राष्ट्रीय स्तर पर यह कार्य 'वस्तुओं का भौगोलिक सूचक' (पंजीकरण और संरक्षण) अधिनियम, 1999 (Geographical Indications of goods 'Registration and Protection' act, 1999) के तहत किया जाता है, जो सितंबर 2003 से लागू हुआ।
- भौगोलिक संकेतक का पंजीकरण 10 वर्ष के लिये मान्य होता है। **अत: कथन 2 सही है।**

नोट :

**58. उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- कला उत्सव शिक्षा के क्षेत्र में कला को बढ़ावा देने के लिये केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय (MoE) की एक पहल है। अत: कथन 1 सही नहीं है।
- इस कार्यक्रम को राष्ट्रीय माध्यमिक शिक्षा अभियान (RMSA) के तहत शुरू किया गया था, जिसे अब 'समग्र शिक्षा - स्कूल शिक्षा के लिये एक एकीकृत योजना' के तहत अन्य योजनाओं के साथ मिला दिया गया है।
- यह राष्ट्रीय शिक्षा नीति, 2020 की सिफारिशों के अनुरूप है जो शिक्षा के माध्यम से कला और संस्कृति को बढ़ावा देने पर ज़ोर देती है।
- कला उत्सव का उद्देश्य देश में माध्यमिक स्तर पर स्कूली छात्रों की कलात्मक प्रतिभा को पहचानना, इसके पोषण और प्रदर्शन के लिये मंच प्रदान करना है।
- ज़िला/राज्य/राष्ट्रीय स्तर पर इस उत्सव की संरचना एक कला उत्सव के रूप में की गई है जिसमें कला प्रस्तुतियाँ एवं प्रदर्शनियाँ सम्मिलित हैं। अत: कथन 2 सही नहीं है।
- यह माध्यमिक स्तर के छात्रों के लिये सौंदर्यशास्त्र और कलात्मक अनुभवों को बढ़ाकर, समग्र शिक्षा योजना (Samagra Shiksha Scheme) को अतिरिक्त समर्थन प्रदान करता है, जो 'एक भारत श्रेष्ठ भारत'के अनुरूप भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और इसकी जीवंत विविधता के बारे में जागरूकता फैलाने में प्रमुख भूमिका निभाता है।
- कला को बढ़ावा देने हेतु शुरू की गई अन्य पहलें:
- कला संस्कृति विकास योजना (केंद्रीय संस्कृति मंत्रालय)। **अत: कथन 3 सही है।**
- अमूर्त सांस्कृतिक विरासत की सुरक्षा के लिये योजना (केंद्रीय संस्कृति मंत्रालय)।

**59. उत्तर: D**

**व्याख्या:**

- लाला लाजपत राय भारत के महानतम स्वतंत्रता सेनानियों में से एक थे।उन्हें 'पंजाब केसरी' (Punjab Kesari) और 'पंजाब का शेर' (Lion of Punjab) नाम से भी जाना जाता था।
- उन्होंने लाहौर के गवर्नमेंट कॉलेज से कानून की पढ़ाई की।
- वे स्वामी दयानंद सरस्वती से प्रभावित होकर लाहौर में आर्य समाज (Arya Samaj) में शामिल हो गए।
- उनका विश्वास था कि हिंदू धर्म में आदर्शवाद, राष्ट्रवाद (Nationalism) के साथ मिलकर धर्मनिरपेक्ष राज्य (Secular State) की स्थापना करेगा।
- बिपिन चंद्र पाल और बाल गंगाधर तिलक के साथ मिलकर उन्होंने चरमपंथी नेताओं की एक तिकड़ी (लाल-बाल-पाल) बनाई।
- वे भारतीय राष्ट्रीय कॉन्ग्रेस (Indian National Congress- INC) में शामिल हो गए और पंजाब के कई राजनीतिक आंदोलनों में हिस्सा लिया।
- उन्होंने वर्ष 1917 में अमेरिका में होम रूल लीग ऑफ अमेरिका (Home Rule League of America) की स्थापना की और इसके द्वारा अमेरिका में अंतर्राष्ट्रीय समुदाय से भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन के लिये नैतिक समर्थन मांगा।
- उन्हें अखिल भारतीय ट्रेड यूनियन कॉन्ग्रेस (All India Trade Union Congress) का अध्यक्ष भी चुना गया था।
- उन्होंने वर्ष 1920 में कॉन्ग्रेस के नागपुर अधिवेशन में गांधी जी के असहयोग आंदोलन (Non-Cooperation Movement) का समर्थन किया।
- उन्होंने रौलेट एक्ट (Rowlatt Act) और उसके बाद होने वाले जलियांवाला बाग हत्याकांड (Jallianwala Bagh massacre) का विरोध किया।
- उन्हें वर्ष 1926 में केंद्रीय विधानसभा का उप नेता चुना गया।

नोट :

- वर्ष 1928 में उन्होंने साइमन कमीशन के साथ सहयोग करने से इनकार करते हुए विधानसभा में एक प्रस्ताव रखा क्योंकि आयोग में किसी भी भारतीय सदस्य को शामिल नहीं किया गया था।
- उन्होंने अकाल पीड़ित लोगों की मदद करने और उन्हें मिशनरियों के चंगुल से बचाने के लिये वर्ष 1897 में हिंदू राहत आंदोलन (Hindu Relief Movement) की स्थापना की।
- उन्होंने वर्ष 1921 में सर्वेंट्स ऑफ पीपुल सोसाइटी (Servants of People Society) की स्थापना की। **अतः कथन D सही है।**

**60. उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- सॉवरेन गोल्ड बॉण्ड योजना लोगों को भौतिक स्वर्ण के बजाय स्वर्ण बॉण्ड खरीदने के लिये प्रोत्साहित करती है।
- भारतीय रिज़र्व बैंक (RBI) केंद्र सरकार की तरफ से इन बॉण्डों को जारी करता है। **अतः कथन 1 सही है।**

**विशेषताएँ:**

- इस योजना के तहत कम-से-कम दो ग्राम सोना और अधिक-से-अधिक 500 ग्राम सोने के मूल्य के बराबर बॉण्ड खरीदे जा सकते हैं।
- स्वर्ण बॉण्ड केवल निवासी भारतीय संस्थाओं जैसे- व्यक्तियों, हिंदू अविभाजित परिवारों, ट्रस्टों, विश्वविद्यालयों और धर्मार्थ संस्थानों को बेचे जाएंगे। **अतः कथन 2 सही है।**
- इस बॉण्ड की परिपक्वता अवधि आठ वर्ष होती है जिसमें पाँचवें वर्ष में बाहर निकलने की भी सुविधा है। ये सभी बॉण्ड व्यापार योग्य होते हैं।
- इन बॉण्डों को ऋण के संदर्भ में संपार्श्विक (Collateral) के रूप में भी इस्तेमाल किया जा सकता है।